

पेज -4 पर

गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से करें स्वास्थ्य जांच

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 119 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 2 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -8 पर

शराब बिक्री से परेशान होकर नेवार की महिलाये धरमजयगढ़ थाना पहुंच सौंपे ज्ञापन

# कोरबा से सरोज,दुर्ग से विजय बघेल का नाम लगभग तय

## बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लगी मुहर; जल्द हो सकता है उम्मीदवारों का ऐलान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी के लोकसभा उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए गए हैं। शुक्रवार शाम तक या जल्द ही इनका ऐलान भी हो जाएगा। गुरुवार रात से दिल्ली में शुरू हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद अब खबर आ रही है कि दो सीटों पर कैंडिडेट लगभग फाइनल कर लिए गए हैं। खबर है कि कोरबा से सरोज पांडे और दुर्ग से विजय बघेल बीजेपी बीजेपी उम्मीदवार होंगे।

दिल्ली में हुई इस बैठक में छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णु देव और उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए थे। दिल्ली से लौटने के बाद अरुण साव ने कहा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चा की गई है। जल्द सूची आ सकती है।

### जल्द घोषित करेंगे प्रत्याशियों के नाम

साव ने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति के सामने विस्तार से संभावित प्रत्याशियों के बारे में चर्चा हुई है और बहुत जल्द प्रत्याशियों की सूची केंद्रीय चुनाव समिति के विचार करने के बाद घोषित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी योग्य और जीतने वाले चेहरे को चुनाव मैदान में उतरेगी।

### छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटें जीतेंगे

साव ने कहा जिस तरह से आज छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश का वातावरण मोदीमय है। छत्तीसगढ़ की जनता जिस तरह से नरेंद्र मोदी की योजनाओं और कामों से प्रभावित है, ऐसे में यहां कि जनता 11 की 11 सीट मोदी जी की झोली में डालेगी। उप मुख्यमंत्री अरुण ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभी से हार मान चुकी है। उनके बड़े-बड़े नेता चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं।



सरोज पांडे (कोरबा सीट से नाम लगभग तय)



विजय बघेल (दुर्ग सीट से नाम लगभग तय)

### बैठक में इन नामों पर हुई चर्चा

दिल्ली में बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में जिन नामों की चर्चा हुई उनमें सरगुजा सीट के लिए कमलभान सिंह, रामसेवक पैकरा, विजय नाथ सिंह, रामकिसुन सिंह की दावेदारी पर विचार हुआ है। रायगढ़ सीट के लिए आरपी साय, गोमती साय, सुषमा खलको, गेंदलाल कंवर, सत्यानंद राठिया, शांता साय, गणेशराम भगत, रजनी राठिया के नाम पर चर्चा हुई। जांजगीर लोकसभा सीट के लिए गुरुदयाल पाटले, कमलेश जांगड़े, राजेश्वर पाटले, वेदराम मनहरे, नवीन मार्कंडेय, डॉ कृष्णमूर्ति बांधी, कमला पाटले, गुहाराम अजगले, संतोष लहरे, अंबेश जांगड़े का नाम चल रहा है। कोरबा सीट से सरोज पांडेय प्रबल दाबेवार हैं, वहीं इस सीट के लिए विकास महतो, डॉ शर्मा, देवेंद्र पांडेय, हितानंद अग्रवाल, नवीन पटेल, जगत बहादुर के नाम पर भी विचार किया गया है। बिलासपुर लोकसभा सीट की बात करें तो यहां से रजनीश सिंह, प्रफुल्ल शर्मा, लखनलाल साहू, तोखन साहू, बृजेंद्र शुक्ला, ललित माखीजा, डॉ विनोद तिवारी, अमर अग्रवाल प्रबल दावेदार हैं। दुर्ग सीट के लिए मौजूदा सांसद विजय बघेल का नाम लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि दीपक ताराचंद साहू, सरोज पांडे और घनश्याम बारले का नाम भी चल रहा है। राजनांदगांव सीट से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, फुलबासन बाई, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और मौजूदा सांसद संतोष पांडेय प्रबल दावेदार हैं। रायपुर सीट की बात करें तो यहां से मौजूदा सांसद सुनील सोनी, लक्ष्मी वर्मा, अंबिका यदु, संजय श्रीवास्तव, केदारनाथ गुप्ता, ओमप्रकाश वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल का नाम चल रहा है। वहीं, महासमुंद सीट के लिए चंदूलाल साहू और चुन्नीलाल साहू के नाम पर चर्चा हुई है। कांकेर सीट पर भोजराज नाग, विकास मरकाम और मौजूदा सांसद मोहन मंडावी के नाम पर विचार किया जा रहा है। बस्तर सीट के लिए रूप सिंह मंडावी, दिनेश कश्यप, सुभाऊराम कश्यप, महेश गागड़ा और ओजस्वी मंडावी के नाम की चर्चा है।

**एक नजर**

## अधेड़ के खाते से 1 लाख 84 हजार पार

**रायपुर ।** अधेड़ के दो बैंकों के खाते से अज्ञात आरोपी ने 1 लाख 84 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभिजीत गोलदार 55 वर्ष बजाज कालोनी सेक्टर 2 न्यू राजेन्द्रनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पास अज्ञात मोबाइल नंबर 93857-81044 से मैसेज आया। जिसे प्रार्थी ने क्लीक किया तो एक लिंक आया, जिसे क्लीक करने पर प्रार्थी के दो बैकों के खाता से अज्ञात आरोपी ने 1 लाख 84 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## होटल के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर ।** जीवन विहार स्थित होटल टाईटोन के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित कुमार यादव 25 वर्ष ब्रम्हपुरी पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एम 6244 को जीवन विहार स्थित होटल टाईटोन के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# महादेव सट्टा ऐप का मेन ऑपरेटर भोपाल में गिरफ्तार

## ईडी ने जब्त की हवाला ऑपरेटर की 580 करोड़ की संपत्ति

रायपुर। महादेव सट्टा ऐप मामले में ED (प्रवर्तन निदेशालय) ने दुबई के हवाला ऑपरेटर की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इसमें 3.64 करोड़ कैश और कीमती सामान शामिल है।



जांच के दौरान ED को छत्तीसगढ़ के अफसरों और नेताओं के कथित रूप से शामिल होने का भी पता चला है।

वहीं सूत्रों के मुताबिक, महादेव सट्टा ऐप के मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा को भोपाल में गिरफ्तार कर लिया गया है। संभवत: उसे आज रायपुर ED को सौंपा जा सकता है। ED को जांच के दौरान तलरेजा और रतनलाल जैन के शुभम सोनी के साथ करोड़ों के ट्रांसजेक्शन मिला था। शुभम सोनी अभी फरार है।

### पैनल ऑपरेटर की गिरफ्तारी के बाद तलरेजा तक पहुंची ED

*दरअसल, दो सप्ताह पहले ED ने भिलाई से 25 साल के नीतीश दीवान को गिरफ्तार किया था। वैशाली नगर का रहने वाला नीतीश दीवान महादेव सट्टा ऐप प्रमोटर के साथ ऐप के पैनल ऑपरेशन का काम करता था और 2 साल तक दुबई में रहा है। बताया जा रहा है कि उसकी निशानदेही पर ही टीम तलरेजा तक पहुंची है।*

कांग्रेस सरकार के फैसले को पलटा

# अब आपराधिक प्रकरण और डीई पर संविदा नियुक्ति नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब आपराधिक प्रकरण दर्ज किसी भी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी को संविदा नियुक्त नहीं मिलेगी। इसके साथ ही किसी अफसर-कर्मी के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही होगी, तो उसे भी संविदा नियुक्ति नहीं मिलेगी।

दरअसल, प्रदेश में भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार के फैसले को पलट दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार को इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। गौरतलब है कि पूर्व सरकार के दौरान कई आला अफसरों को संविदा नियुक्ति दी गई थी। इनमें कुछ के खिलाफ बाद में आपराधिक मामले भी दर्ज हो गए थे। एक अफसर की संविदा नियुक्ति खत्म होने पर आई तो संविदा नियमों -2013 में



संशोधन कर दिया गया कि डीई और आपराधिक मामले वाले को भी संविदा नियुक्ति दी जा सकती है, जब तक कि उसे सजा नहीं हो जाती। इसी नियम को फिर से नई सरकार ने पूर्व की तरह कर दिया है। हालांकि संविदा प्राप्त अफसर की नियुक्ति को हाईकोर्ट में चैलेंज भी किया गया था, कि यह नियुक्ति नियम विरूद्ध है। अब संशोधित संविदा नियम फ्रेश और रिटायर सभी तरह के अफसर -कर्मियों पर लागू होंगे।

# CEO के सरकारी और निजी निवास पर ED की रेड

## निलंबित IAS रानू से जुड़ रहे तार

**जशपुर.** जिले के मनोरा सीईओ वीरेंद्र कुमार राठौर के सरकारी निवास पर ईडी ने दबिश दी है. जानकारी के मुताबिक मनोरा जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी राठौर के सरकारी निवास में सुबह 5 बजे ईडी की टीम पहुंची और अभी भी कार्रवाई जारी है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आईएएस रानू से तार जुड़ रहे हैं. जानकारी यह भी है कि जनपद सीईओ के मनोरा स्थित सरकारी निवास के अलावे उनके निजी निवास पर भी ईडी की कार्रवाई चल रही है. सभी ठिकानों पर ईडी ने एक साथ दबिश दी है.





सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आईएएस रानू से तार जुड़े हैं. तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू कोरबा में थी, तब ये जनपद सीईओ कटघोरा थे. उस समय डीएमएफ की राशि की जमकर बंदरबांट की गई थी. इस वजह से इनके यहां भी छपा पड़ा है. विधानसभा चुनाव से पहले इनका तबादला जशपुर किया गया था.

# महतारी वंदन योजना की पहली किस्त से वंचित रह सकती हैं यह महिलाएं , आज जारी होगी अंतिम सूची

रायपुर । छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से महतारी वंदन योजना लागू की गई है। यह योजना एक मार्च से लागू हो जाएगी।




इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष और उससे ऊपर की आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। प्रदेश की समस्त पात्र विवाहित, विधवा, परित्यक्ता महिला को इस योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये दिया जाने का प्रविधान है।

प्रथम चरण में 70 लाख से अधिक आवेदन जमा हुए है। इसके लिए 21 से 25 फरवरी तक दावा-आपत्ति मंगाई गई थी। प्रदेशभर से 14 हजार से ज्यादा दावा आपत्तियां आई हैं, इसके निराकरण के लिए अंतिम दिन गुरूवार को देर शाम तक अधिकारी जुटे हुए थे। आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया 26 फरवरी से शुरू की गई थी।

### आज जारी होगी महतारी वंदन योजना की अंतिम सूची

महतारी वंदन योजना की अंतिम सूची का प्रकाशन एक मार्च की देर शाम या फिर दो फरवरी को जारी होगी। अधिकारियों का कहना है कि ज्यादा संख्या में दावा-आपत्तियां आई है, जिनका निराकरण किया जा रहा है। आनलाइन के अलावा आफलाइन आवेदन जमा हुए हैं। आफलाइन आवेदनों को लेकर भी काफी आपत्तियां मिली हैं। बताते चलें कि महतारी वंदन योजना की अंतिम सूची का प्रकाशन एक मार्च को तय है। स्वीकृति पत्र पांच मार्च को जारी होगा। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पहली किस्त जारी होने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेशभर में रायपुर से सबसे अधिक 5,30,903 आवेदन जमा किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आवेदनों के सत्यापन के बाद प्रथम बार डीबीटी के माध्यम से आधार लिंक बैंक खातों में राशि जारी की जाएगी। प्रथम चरण के बाद फिर से अगले चरण में पात्र हितग्राहियों को आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह प्रक्रिया सतत चलती रहेगी।

केपीएस की दोबारा होगी जांच

# आर्थिक अनियमितता सहित बगैर मान्यता संचालन का आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े स्कूल समूह कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई द्वारा राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर और अन्य जिलो में सीबीएसई से संबद्धता वाले स्कूलों की दोबारा जांच होगी। संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है।




यहां पच्चीस हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। केपीएस के कुछ ही ब्रांच को मान्यता प्रदान की गई थी। बगैर मान्यता लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा कई अन्य ब्रांच खोल लिए गए। यहां निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम के तहत जरूरतमंद और गरीब बच्चों को प्रवेश नहीं दिए जाने का भी आरोप है। मान्यता प्राप्त नहीं होने के बाद भी बच्चों से लाखों रुपए फीस लिए जाने और आरटीई नियमों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। इन सभी बिंदुओं पर सूक्ष्म जांच करने कहा गया है। रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी को जांच पूर्ण कर 12 मार्च तक रिपोर्ट सौंपने कहा गया है। गौरतलब है कि कृष्णा पब्लिक स्कूल के राजधानी सहित भिलाई में भी कई ब्रांच हैं।

इसे लेकर वर्ष के पूर्व में भी शिकायत की गई थी। इसके बाद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा गैर मान्यता प्राप्त ब्रांच को नोटिस भेजते हुए जवाब मांगा गया था। कार्रवाई पूर्ण होने तक नवीन प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई थी।

# रडार में 2 पूर्व मंत्री के करीबी, खंगाले जा रहे दस्तावेज

## कोरबा, कोरिया और बालोद में ईडी की दबिश

रायपुर। कोरिया, बालोद और कोरबा में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दस्तक दी है. बैकुंठपुर के जल संसाधन विभाग के रेस्ट हाउस में आज तड़के ED की दो गाड़ियां पहुंची, जहां उन्होंने रेस्ट हाउस में रह रहे जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ राधेश्याम मिर्झा से पूछताछ शुरू की है.




वहीं बालोद में पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया के प्रतिनिधि पीयूष सोनी के डौंडी निवास घर में ईडी की टीम पहुंची है. साथ ही कोरबा में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के करीबी के घर पर भी ईडी की टीम पूछताछ कर रही है.

बता दें कि इसके पहले राधेश्याम मिर्झा कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा जनपद में पदस्थ थे. जानकारी के अनुसार, कुछ शिकायतों पर यह छापेमारी की जा रही है. राधेश्याम मिर्धा कोरिया जिले में लगभग 1 वर्ष से पदस्थ हैं. इसके पहले वह सोनहत में जनपद सीईओ रहे हैं, और वर्तमान में बैकुंठपुर पंचायत में पदस्थ रहे हैं. हाल ही में इनका स्थानांतरण सूरजपुर जिले में किया गया है. फिलहाल ED की कार्रवाई जारी है, अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है. वहीं बालोद में ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया के प्रतिनिधि पीयूष सोनी के डौंडी निवास घर में दबिश दी है. ईडी की टीम पीयूष सोनी से पूछताछ कर रही है. इसके अलावा राजस्व मंत्री जयसिंह के करीबी बताए जा रहे कांग्रेस नेता लायन जेपी अग्रवाल के डीडीएम रोड़ स्थित निवास में ED ने छापा मारा है. जानकारी के अनुसार, 2 गाड़ियों में 9 अधिकारी पहुंचे हैं. जहां अधिकारी डीएमएफ फंड के अनियमियता में जांच करने पहुंचे हैं. घर के बाहर सुरक्षा बल तैनात है.

# किसान तो सिर्फ ढाल हैं, इस संगठित भीड़तंत्र के इरादे कुछ और लगते हैं

*किसानों ने फिर से दिल्ली कूच करने के लिए आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया है। उनके प्रतिनिधियों के साथ केन्द्र सरकार के मन्त्रियों की कई दौर की बैठकें भी विफल ही रही हैं। इस बीच यह किसान आन्दोलन निरंतर नए मोड़ और नए रंग ढंग में दिख रहा है। यदि किसानों की मांगों को देखा जाए तो किसानों एवं अर्थव्यवस्था से जुड़े हुए कई विषय विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है- तकनीकी एवं प्रायोगिक रूप से ये अधिकांशत: मांगें ऐसी हैं जिन्हें पूरा करना सम्भव नहीं है। साथ ही ये देश की अर्थव्यवस्था एवं नीतियों पर विपरीत प्रभाव डालने वाली हैं। वर्तमान में यदि केन्द्र सरकार द्वारा 22 फसलों पर दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की ही बात करें तो यह देश की जीडीपी का 2 प्रतिशत भाग है।*

जबकि देश के रक्षा बजट के लिए 1.7 प्रतिशत और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए जीडीपी से 2.1 प्रतिशत राशि आवंटित की जाती है। साथ ही एमएसपी का सर्वाधिक हिस्सा पंजाब के 43 लाख 33 हजार किसानों के खाते में ही जाते हैं। अतएव मुख्य मुद्दे सभी फसलों पर एमएसपी को लेकर केन्द्र सरकार क्या निर्णय लेती है, यह भविष्य में देखते ही बनेगा। किन्तु इन सबके बीच यह किसान आन्दोलन जिस ढंग से अशांति की ओर बढ़ता जा रहा है। उससे इसकी मंशा पर सवाल उठने लगे हैं। वस्तुत: समूचा देश अपने किसानों के हित से जुड़े हुए मुद्दों में हमेशा साथ खड़ा रहता। यह आवश्यक भी है कि केन्द्र एवं राज्य सरकारें किसानों की दशा एवं दिशा सुधारने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं। ऐसी नीतियां एवं कार्य-प्रणालियां विकसित करें जिनसे किसान समृध्दि की ओर बढ़ सकें। जहां किसानों से जुड़े हुए आन्दोलन यदि शांतिपूर्ण ढंग से होते हैं तो उसमें एकजुटता दिखती है। वहीं इसका सकारात्मक परिणाम भी सामने निकलकर आता है। किन्तु वर्तमान में पंजाब के सिख किसानों द्वारा किया जाने वाला आन्दोलन अपनी राह एवं उद्देश्य से पूरी तरह हटा हुआ दिख रहा है। इस किसान आन्दोलन में किसान गौण होता हुआ और योजनाबद्ध राजनीति चरम पर देखने को मिल रही है।

वर्तमान में दिखने वाला यह पैटर्न हाल ही के वर्षों में भीड़तन्त्र की दादागीरी के रूप में उभरा है। जो कहीं भी किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था को धता बताने और उपद्रव को अपना अधिकार समझता है। आखिर ये कैसे आन्दोलन और प्रदर्शन हैं ? जो हिंसा, उत्पात मचाते हुए कानून व्यवस्था के विरुद्ध खड़े होते हैं।



वहीं किसान आन्दोलन में देखें तो लाखों रुपए के नए नए ट्रैक्टर, उनमें महंगे-महंगे साउंड सिस्टम, लग्जरी सुविधाएं, वैनिटी बैन के रूप में ट्रैक्टर ट्राली को बनाकर रखना हैरानी पैदा करता है। कानूनी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस के सुरक्षात्मक प्रबंध को तोड़ने के लिए पोकलेन मशीनें लाई जा रही हैं।

एक संगठित भीड़ कहीं भी किसी भी सड़क व स्थान को घेर लेती है। यातायात को बुरी तरह बाधित कर आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया जाता है। क्या किसी भी आन्दोलन के नाम पर ऐसा किया जाना सही ठहराया जा सकता है ?

इस समय पंजाब के सिख किसानों ने आन्दोलन के नाम पर जिस ढंग का वातावरण उत्पन्न किया है। उससे उनकी गतिविधियां किसान हितैषी नहीं बल्कि संदिग्ध एवं राजनीति प्रेरित ही दिख रही हैं। वर्ष 2021 में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिस प्रकार से ट्रैक्टर मार्च के नाम पर उपद्रव किया गया। सशस्त्र हिंसा एवं उत्पात मचाते हुए दिल्ली को बंधक बना लिया गया था। लाल किले में धार्मिक प्रतीक के झंडे को फहराया गया और पुलिसकर्मियों के साथ हिंसा की गई। यातायात को बुरी तरह बाधित किया गया। आम जनजीवन को बेपटरी करने का प्रयास किया गया। ठीक उसी प्रकार के दृश्य फिर से दिखाई देने लगे हैं। बल्कि उससे और अधिक खतरनाक मंसूबे वाले कृत्य लगातार सामने आ रहे हैं। हरियाणा बॉर्डर से जिस ढंग के दृश्य और हालात सामने आ रहे हैं वह किसी को भी दहला कर रख देने वाले हैं। इस किसान आन्दोलन में खालिस्तानी आतंकी भिंडरावाले के फोटो और खालिस्तान के समर्थन वाले गाने बजते दिखाई दे रहे हैं। खालिस्तान जिन्दाबाद लिखे हुए बड़े-बड़े गुब्बारे आसमान में उड़ाए जा रहे हैं। हरियाणा बॉर्डर में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी है। साथ ही अन्य सुरक्षात्मक उपाय बनाए हुए हैं। लेकिन आन्दोलन के नाम पर संगठित गिरोह के द्वारा कभी भी किसी भी समय पुलिस बल पर पथराव एवं सशस्त्र हमले किए जा रहे हैं। पुलिस बल के खिलाफ हिंसा करने के नारे एवं नफरती भाषण दिए जा रहे हैं। इतना ही नहीं ट्विटर (एक्स) सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में खनौरी बार्डर के वे वीडियो भी सामने आए जिनमें किसान पुलिस पर लाठियां चलाते हुए दिख रहे थे। साथ ही पुलिस की ओर ऐसे पटाखों से हमला किया जा रहा था जोकि दूर जाकर फटते हैं। इन दृश्यों को देखकर ऐसा लगता है जैसे यह किसान आन्दोलन नहीं बल्कि कानून व्यवस्था एवं सरकार के विरुद्ध युद्ध की घोषणा है। इतना ही नहीं इस किसान आन्दोलन के नाम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ घ्रणा और हिंसा प्रेरित बयान भी दिए जा रहे हैं। मोदी को मारने की धमकियां देने वाले नारे और भाषण दिए जा रहे हैं। इसी आन्दोलन का एक बड़ा चेहरा माना जाने वाले सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल का एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में डल्लेवाल यह कह रहा है कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। समय कम है। इसी तरह से एक अन्य किसान नेता इस आन्दोलन को विपक्ष की लड़ाई, ओपीएस, अग्निवीर आदि से जोड़कर बताता हुआ नज़र आया। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मारने की धमकी और उनके विरुद्ध हिंसात्मक- बयानबाजी किसान आन्दोलन का लक्ष्य है ? क्या मोदी की लोकप्रियता को कम करना और राजनीतिक उद्देश्य साधना ही इस किसान आन्दोलन की थीम है?

कृष्णमुरारी त्रिपाठी

## संपादकीय

### कानून का भय ही नहीं!

आखिर देश में कानून और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का यह हाल क्यों हो गया है कि एक कंपनी उसकी तनिक परवाह नहीं करती? क्या इसका कारण गुजरे वर्षों में हुई बड़ी परिघटनाएं नहीं हैं, जिनमें कानून के राज की धज्जियां उड़ाई गई हैं? सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही इस वजह से शुरू की है कि इस कंपनी ने उसके पहले के आदेश का पालन नहीं किया। कोर्ट ने अपनी दवाओं के बारे में मीडिया में भ्रामक विज्ञापन देने से उसे मना किया था। लेकिन कंपनी ने कोर्ट में हलफनामा देने के बावजूद उसकी परवाह नहीं की। जैसाकि कि दो जजों की पीठ ने कहा, यह कंपनी अपने इश्तहार में औषधि एवं जादू-टोना उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम-1954 का उल्लंघन कर रही है। ऐसा खुलेआम चल रहा है और केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। न्यायालय ने इस पर आक्रोश जताया। आयुष मंत्रालय से कहा- सारे देश की आंख में धूल झोंकी गई है। और आपने अपनी आंख बंद कर रखी है। दो साल से आप इस महत्त्वपूर्ण घटना (यानी न्यायिक आदेश) का इंतजार कर रहे हैं, जबकि औषधि कानून से खुद यह स्पष्ट है कि ऐसे विज्ञापन प्रतिबंधित हैं। यह मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट ले गया है। अब एक बार फिर से कोर्ट ने प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐसे विज्ञापनों के प्रकाशन या प्रसारण पर रोक लगाने को कहा है। मगर इस क्रम में यह विचारणीय है कि आखिर देश में कानून और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का यह हाल क्यों हो गया है कि एक कंपनी उसकी तनिक परवाह नहीं करती?

# संपत्ति बाजार : चुनावी वर्ष में रियल एस्टेट की चमक से रोजगार बढ़ने और अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद

वर्ष 2023 सही मायनों में रियल एस्टेट का साल था और वर्षों बाद उसने अपनी चमक बिखेरी। यह चमक इस साल भी बरकरार है। लगातार रियल एस्टेट कंपनियों के नए लॉन्च की खबरें सामने आ रही हैं। पिछले साल देसी-विदेशी निवेशकों ने इसमें जमकर पैसा लगाया, जिसका असर भी दिखा। आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले साल कुल 5.1 अरब डॉलर का निवेश इस क्षेत्र में हुआ। इनमें से दो अरब डॉलर से भी ज्यादा रकम जमीन की खरीद में लगाई गई, यानी इस साल या अगले साल उनमें निर्माण कार्य होंगे। इससे बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र में रोजगार मिलने की उम्मीद जताई जा सकती है।

प्रॉपर्टी की वैश्विक सेवा कंपनी जेएलएल के मुताबिक, पिछले साल हर तिमाही में औसतन 65,000 इकाइयां बिकीं और पहले नौ महीनों में 2,23,905 लॉन्च हुए, जो एक रिकॉर्ड है। यह संख्या साल के अंत तक लगभग 2,80,000 रही होगी। इन आंकड़ों के आधार पर कहा जा रहा है कि इस साल कुल 2,90,000 आवासीय इकाइयां लॉन्च हो सकती हैं। जेएलएल का कहना है कि होम लोन ब्याज दरों के ज्यादा होने तथा महंगाई में बढ़ोतरी के बावजूद ग्राहक नई इकाइयों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यदि रिजर्व बैंक अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों में कटौती करेगा, तो उसका असर मकानों तथा व्यावसायिक संपत्ति की खरीद पर भी पड़ेगा। वर्ष 2023 में एक और बात देखने में आई कि ग्राहक बन रहे मकानों में भी निवेश कर रहे हैं। यह एक अच्छा ट्रेंड है, जो बताता है कि आने वाले समय में मकानों की बिक्री लगातार बढ़ेगी। इसके अलावा, महंगे और लग्जरी



प्रॉपर्टी की वैश्विक सेवा कंपनी जेएलएल के मुताबिक, पिछले साल हर तिमाही में औसतन 65,000 इकाइयां बिकीं और पहले नौ महीनों में 2,23,905 लॉन्च हुए, जो एक रिकॉर्ड है। यह संख्या साल के अंत तक लगभग 2,80,000 रही होगी। इन आंकड़ों के आधार पर कहा जा रहा है कि इस साल कुल 2,90,000 आवासीय इकाइयां लॉन्च हो सकती हैं।

सेगमेंट के मकानों की बिक्री खूब बढ़ी है। डेढ़ करोड़ रुपये की कीमत तक के मकानों की बिक्री में 22 फीसदी तथा लग्जरी मकानों, जो तीन करोड़ रुपये से भी ज्यादा कीमत के हैं, की बिक्री में 83 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह देश की बेहतर आर्थिक स्थिति का संकेत है। मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम के अलावा नोएडा में भी महंगे मकान अब काफी बिक रहे हैं। जिस गंभीरता से निवेशक रियल एस्टेट में धन लगा रहे हैं, उससे पता चलता है कि उनका भरोसा कायम है। रियल एस्टेट में सरकारी पहल के अलावा, टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल, विदेशी करार वगैरह इसे मजबूत बना रहे हैं। नई टेक्नोलॉजी के कारण अब स्मार्ट होम धड़ल्ले से बन रहे हैं। नए उपकरणों से ऊंचे-ऊंचे मकान कम समय में तैयार हो रहे हैं। ऐसे मकान बनाना भी संभव हो गया है, जहां ऊर्जा की खपत कम होती है और ग्राहकों को ये पसंद भी आते हैं।

अंतरराष्ट्रीय एजेंसी केपीएमजी का कहना है कि 2024 भारतीय रियल एस्टेट के लिए एक उत्साहपूर्ण वर्ष होगा और पिछले साल की तुलना में 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी और आवासीय सेक्टर में तीन लाख यूनिट बिक सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में ऑफिस स्पेस की जो मांग कोविड के कारण घट गई थी, अब तेजी से बढ़ रही है तथा आगे और बढ़ने की उम्मीद है। अब न केवल वर्क प्लेस की मांग बढ़ी है, बल्कि मॉल तथा शॉपिंग कॉम्पलेक्सों की भी। यानी आने वाले समय में कमर्शियल रियल एस्टेट को और भी बढ़ावा मिलेगा। ई-कॉमर्स तथा लॉजिस्टिक्स में भी गतिविधियां तेज हो जाने से वेयर हाउसिंग में भी तेजी आएगी। बंगलूरू, चेन्नई, पुणे, दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता, मुंबई-ये वे शहर हैं, जहां कमर्शियल स्पेस की मांग बढ़ी है और 2024 में भी बढ़ती रहेगी। हालांकि 2024 चुनावी वर्ष है। इसके बावजूद उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था छह फीसदी से भी ज्यादा रफ्तार से बढ़ेगी। इस भरोसे से रियल एस्टेट को गति मिलती है। तेजी से शहरीकरण के चलते नई पीढ़ी अब रियल एस्टेट में दिलचस्पी ले रही है। इससे यह संभावना दिख रही है कि न केवल 2024 में, बल्कि आगे भी रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी आएगी।

## मिला जुला

### एक नजर

#### युवक की हत्या के आरोप में 15 को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर ।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने 2019 में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में 15 लोगों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई और उन पर जुर्माना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता रामनिवास पाल ने शुक्रवार को बताया कि 12 अगस्त 2019 को जिले के बुढ़ाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसक टकराव हुआ था और उस दौरान रफीक नामक एक युवक की मौत हो गई थी और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

उन्होंने बताया कि इस मामले में बुढ़ाना थाना में 15 लोगों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

#### जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, मैदानी इलाकों में बारिश

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में शुक्रवार को बर्फबारी शुरू हो गई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई।

मौसम विभाग ने चार मार्च तक केंद्र शासित प्रदेश के ऊंचे इलाकों में भारी से बहुत भारी बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 4.5, गुलमर्ग में माइनस 3.2 और पहलगाम में 1.3 डिग्री रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 3.1, कारगिल में माइनस 9.4 और द्रास में माइनस 8.5 डिग्री रहा।

# तंबाकू कंपनी पर रेड, 100 करोड़ की कारें मिलीं

*इसमें रोल्स-रॉयस, लैंबोर्गिनी और फेरारी; 5 करोड़ का कैश, 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई*

कानपुर। कानपुर में आयकर विभाग ने तंबाकू कंपनी बंशीधर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के कानपुर हेड ऑफिस पर 29 फरवरी को छापा मारा।

कंपनी के दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत 20 ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। आज छापेमारी का दूसरा दिन है। दिल्ली स्थित कंपनी मालिक की कोठी से 100 करोड़ से ज्यादा की कारें मिली हैं। इसमें 60 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी कारें हैं। इनमें 16 करोड़ की रोल्स-रॉयस फैंटम कार, लैंबोर्गिनी, फेरारी, मॅकलारेन कारें शामिल हैं।

छापेमारी करीब 20 घंटे से चल रही है। इसमें 100 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आई है इसके साथ ही 5 करोड़ रुपए कैश और करोड़ों की बेनामी संपत्ति के डॉक्यूमेंट्स भी मिले हैं। आयकर अफसरों ने बताया कि कंपनी कानपुर की टॉप गुटखा कंपनियों को तंबाकू सप्लाई करती है।





जेलों तक पहुंचे गूंज

# हेमंत सोरेन पर पीएम मोदी का वार, धीरज साहू पर भी प्रहार

धनबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड को 35700 करोड़ रुपए की सौगात दी। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के सिन्द्री में 8,900 करोड़ रुपये की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया।



26,000 करोड़ रुपये से अधिक की रेल, बिजली और कोयला परियोजनाओं की भी शुरुआत करने के बाद पीएम मोदी ने धनबाद में भाजपा की ओर से आयोजित एक जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान जमीन घोटाले में जेल जा चुके पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर इशारों में जोरदार प्रहार किया। मोदी ने भारत माता की जय के नारे लगवाते हुए हेमंत सोरेन पर चुटकी ली और कहा कि यह गूंज जेलों तक पहुंचनी चाहिए।

पीएम ने जेएमएम और कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि ये लोग सिर्फ अपने परिवार और बच्चों की चिंता करते हैं। उन्होंने दोनों दलों पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया। पीएम मोदी ने कहा, जब से यहां जेएमएम और कांग्रेस की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण वाली सरकार बनी है तब से स्थितियां बहुत बिगड़ी हैं। जेएमएम का मतलब हो गया है जमकर खाओ। झारखंड में रंगदारी बढ़ती ही जा रही है। तुष्टिकरण के चलते घुसपैठ बढ़ती जा रही है और यहां जेएमएम-कांग्रेस के नेताओं का एक ही काम रह गया है अपनी तिजोरियां भरने का इन लोगों ने झारखंड की जनता को लूटकर, आपको लूटकर आपके पसीने की कमाई को लूटकर अपने लिए बेनामी संपत्तियों के पहाड़ बना लिए।

# बेंगलुरु के मशहूर रामेश्वरम कैफे में धमाका, 4 लोग घायल

पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, विस्फोट की वजह साफ नहीं

बेंगलुरु। बेंगलुरु के मशहूर रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को अचानक विस्फोट होने से 4 लोग घायल हो गए।

धमाके की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंच गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैफे की रसोई में यह विस्फोट हुआ है, जिससे प्रॉपर्टी को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि, विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है।



# पूरे मणिपुर में AFSPA लागू करने की तैयारी, कुकी के साथ नो अटैक समझौता खत्म करने का प्रस्ताव

इंफाल। मणिपुर पुलिस कमांडोज के हथियार सरेंडर करने के बाद राज्य में हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। ष्टरू के साथ बैठक में 6 हिंसाग्रस्त जिलों के कलेक्टरों ने शांति बनाने के लिए असम राइफल्स और सेना की मांग की है।



इनमें पहाड़ी जिलों थाउबाल, कांग्पोकपी, चूराचांदपुर, बिष्णुपुर, टेंग्नोपोल शामिल हैं। प्रशासन की मांग है कि यहां 5 मार्च तक सेना को तैनात किया जाए। दूसरी ओर, गुरुवार को मणिपुर विधानसभा ने कुकी उग्रवादियों के साथ जारी सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौता रद्द करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेज दिया है। इसके तहत सुरक्षा बल और उग्रवादी संगठन एक-दूसरे पर हमले नहीं करते थे, लेकिन अब सुरक्षा बल हमले का जवाब दे सकेंगे। हालांकि, केंद्र अभी भी कुकी संगठनों से बातचीत कर रहा है। इंफाल वैली और आसपास के इलाकों में बीते कुछ दिनों में हालात बिगड़े हैं। ये इलाके उन 19 थाना क्षेत्रों में आते हैं, जहां सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून लागू नहीं है। बाकी पहाड़ी जिलों में यह कानून लागू है। इससे सुरक्षा बलों को सीधे कार्रवाई का हक मिल जाता है। जिन 19 थाना क्षेत्रों को AFSPA से अलग रखा गया है, उनमें इंफाल, लेंफेल, सिटी, सिंग्जमेई, सेकमई, लामसांग, पत्सोई, वांगोई, पोरोमपट, हेंगेंग, लामलाई, इरिलबुंग, लेमखोंग, थोबुल, बिष्णुपुर, नांबोल, मोइरोंग, काकचिंग और जिरिबम शामिल हैं।

# भाजपा कार्यकाल में आए विषय में भाजपाई चूप क्यों: कुलबीर

पूर्ववती महापौर मधुसूदन यादव द्वारा 12 जनवरी 2018 को सामान्य सभा में प्रस्ताव लाया जिसे कांग्रेस पार्षदों के विरोध पर वापस किया गया था

राजनांदगांव। नगर निगम शहर की जनता को ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से डोर टू डोर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, गुजरचार्ज व करों को बढ़ाकर बोझ देने जा रही है जिसको लेकर वरिष्ठ पार्षद व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त पर कड़ी नाराजगी जताते हुए प्राइवेट टैक्स वसूली को रोकने की मांग की है।



ज्ञात हो नगर निगम प्रशासन द्वारा कार्यादेश जारी कर शहरी क्षेत्र में टैक्स वसूली को निजी हाथों के माध्यम से डोर टू डोर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, गुजरचार्ज वसूली के लिए लागू कर शहर की जनता के विश्वास पर खिलवाड़ की है और सामान्य सभा में लाए बगैर ही ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से टैक्स वसूली का जिम्मा दे दिया गया है। जिसको लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा दिए आवेदन के समय के अनुसार 29 फरवरी को आयुक्त कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

इस संबंध में पार्षद कुलबीर सिह छाबड़ा ने कहा कि शहर की जनता द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के हक को मारा जा रहा है। निगम आयुक्त सामान्य सभा में लाए बगैर ही टैक्स वसूली प्राइवेट हाथो में देकर लागू किया गया है इस तरह कार्यप्रणाली अपनाई है जो सरासर गलत है। श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती महापौर मधुसूदन यादव द्वारा 12 जनवरी 2018 को सामान्य सभा में लाया गया था जिसे कांग्रेस पार्षद दलों के विरोध के चलते इस विषय को वापस किया गया था।

वरिष्ठ पार्षद छाबड़ा ने कहा कि पिछले दो माह से शहर में प्राइवेट ठेकेदार के कर्मचारी शहर की जनता के घरों में घुस कर गलत तरीके से नापजोख कर रहे हैं वहीं ठेकेदार के कर्मचारी व शहरवासियों के बीच बहस बाजी के साथ-साथ दो-दो बातें हो रही हैं।

इस तरह से सर्वे करना और नाप जोख करना रेकी करने के समान है। आज की स्थिति में शहर में चोरियां भी बढ़ गई है। ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा टैक्स की बढ़ौतरी होना बताया जा रहा तो क्या इससे पहले निगम कर्मचारियों द्वारा टैक्स लेते है वह कम बताया जा रहा था इससे लगता है कि आयुक्त व प्रावइेट ठेकेदार शहर की जनता को लूटने का भरसक प्रयास कर रही है।

श्री छाबड़ा ने आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम कर्मचारियों को हिदायत दे रखी है कि इस विषय पर कोई भी जानकारी न दी जाए। इस संबंध में मेरे द्वारा आयुक्त महोदय जी से पूछने पर बताया गया कि इस कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा अब तक 35 लाख रूपए खर्च हो चुका है इसलिए इसको चलने दीजिए इससे पता चलता है कि आयुक्त ठेकेदारी के साथ सांठगांठ है उनके प्रति काफी मोहमाया है। उसे शहर की जनता से कोई मतलब नहीं है। ऐसा पता चला है कि प्राइवेट ठेकेदार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को तीन माह से वेतन भी नहीं दिया है।

टैक्स वसूली प्राइवेट करके निगम कर्मचारियों की नियुक्तियों पर विराम के साथ-साथ निगम कर्मचारियों के हक को मारा जा रहा है इसी तरह कहा जाए तो निगम आयुक्त भाजपा नेताओं के इशारे पर काम कर रही है। श्री छाबड़ा ने आयुक्त की निंदा करते हुए कहा कि आप नियम से नियम कार्य करते हुए शहर की जनता के हितों की बात करीए। आयुक्त द्वारा आगामी 04 मार्च तक इसकी संपूर्ण जानकारी देने की बात की है। इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षद मनीष साहू, महेश साहू, शहर कांग्रेस महामंत्री हनी ग्रेवाल उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण 15 मार्च तक

**जगदलपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय रायपुर के द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन प्राप्त करने की समय-सीमा में 15 मार्च 2024 तक वृद्धि की गई है। अतएवं ऐसे राशनकार्डधारी हितग्राही जिनके द्वारा अभी तक अपने राशन कार्ड के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है वे अपनी उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अथवा खाद्य विभाग की वेबसाइट से मोबाईल एप डाउनलोड कर राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्रचलित राशन कार्डों के नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रचलन में है। 01 मार्च की स्थिति में प्रचलित 205861 राशनकार्डों में से कुल 184389 (89 प्रतिशत से अधिक) राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा 21471 राशनकार्डों का नवीनीकरण होना शेष है। जिले में नवीनीकृत राशनकार्डों के वितरण की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है। नवीनीकृत राशनकार्डों के वितरण हेतु अभी तक 144370 राशनकार्डों के पीडीएफ प्रिंट कर जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों को उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही 164807 राशनकार्ड कव्हर भी स्थानीय निकायों की ओर भेजे जा चुके है। स्थानीय निकायों द्वारा ग्राम पंचायतवार, वार्डवार नवीनीकृत राशनकार्डो का वितरण किया जाएगा। नवीनीकृत राशनकार्डो के वितरण होने तक राशनकार्डधारियो को उनके पुराने राशन कार्ड पर पूर्ववत उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त होता रहेगा।

### अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी को दोस्त के आवाज़ में फ़ोन कर 91,844 रूपये का ऑनलाइन फ्राड

सूचना मिलने पर दंतेवाडा सायबर पुलिस द्वारा तत्काल कराया होल्ड

दंतेवाडा सायबर पुलिस द्वारा प्रार्थी को किया फ्राड की राशि सुपुर्द

**दन्तेवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक, गौरव राय (भापुसे.) के निर्देशन में,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन (रा.पु.से.), कृष्ण कुमार चन्द्राकर उप पुलिस अधीक्षक तकनिकी शाखा दन्तेवाड़ा के मार्गदर्शन में सायबर सेल दंतेवाडा द्वारा दिनांक 08/09/2023 को राजेन्द्र कुमार त्यागी, पिता भोगी राम त्यागी निवासी- माँ दंतेश्वरी धर्मशाला दन्तेवाड़ा को उसके दोस्त तोमर के हुबहु आवाज में पैसे की अति आवश्यकता है कहकर पैसे की मांग करने पर प्रार्थी द्वारा 02 बार फोन पे कर कुल- 91,844.00/- रूपये (अक्षरी:- इन्क्यान्बे हजार आठ सौ चवालीस रूपये) दिया, लेकिन पुन: और पैसे की मांग करने एवं वीडियो कॉल करो बोलने पर शंका होने पर तुरंत मोबाईल को स्वीच ऑफ कर दिया, जिससे प्रार्थी को मालुम हुआ कि ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ है। प्रार्थी द्वारा साइबर ऑनलाइन ठगी हेल्पलाईन नम्बर 1930 में कॉल करके शिकायत दर्ज करवाया। सायबर सेल दंतेवाडा द्वारा फ्राड की राशि को तत्काल होल्ड कराया गया।

सायबर सेल दंतेवाडा द्वारा सम्बंधित बैंक एवं न्यायालय से संपर्क कर प्रार्थी को होल्ड की गयी राशि को आज दिनांक 01/03/2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन (रा.पु.से.) के द्वारा प्रार्थी राजेन्द्र कुमार त्यागी को राशि सुपुर्द किया गया।

## एम्स निर्माण की मांग हेतू स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सौंपा आवेद



**किरनदुल बचेली।** दंतेवाड़ा जिले में एम्स की मांग जोर पकड़ रही हैं। बचेली से गणेश कर के नेतृत्व में प्रतिनिधी मंडल नें छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलने रायपुर पहूंचा। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सम्पूर्ण दस्तावेज का अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही करने का आस्वाशन दिया । उन्होंने एम्स से संबंधित आंकड़ों और स्थापना की सम्पूर्ण योजना के बारे में जानकारी ली और जनहित की मांग उठाने की सराहना की ।

नार्थ अमेरिकी छत्तीसगढ़िया एशोसिएशन के संस्थापक गणेश कर नें बताया की दंतेवाड़ा जिले में एम्स स्थापना से दंतेवाड़ा सहित आसपास के 150 किलोमिटर दूरी में 60 लाख लोग निवास करते हैं जिसमें 80 प्रतिशत जनजातीय समुदाय से हैं। जो आजादी के 77 वर्षों बाद भी बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य हेतु संघर्ष कर रहे हैं। अभी केन्द्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार हैं। इसलिए सरकार चाहें तो देश के सबसे वंचित लोगों के जीवन को बदलने का प्रयास कर सकती हैं। इससे लोकतंत्र में भरोसा स्थापित होगा । समाजसेवी निलेश पटले नें कहा की मोदी जी नें कहा हैं की देश में सुविधाओं में सबसे पिछड़े जिलों को सबसे पहले सुविधाएं प्राप्त होगी ।

जिन जिलों को विकास की आकांक्षा हैं उन्हें आकांक्षी जिलों का नाम दिया गया हैं ?। ऐसे में देश में शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे सबसे पिछड़े दस जिलों में दंतेवाड़ा जिला हैं। साथ लगे सुकमा, बीजापुर, नारायण पुर, बस्तर, सहित उड़िसा का नवरंगपुर, कोरापुट जिला भी सबसे पिछड़े पचास जिलों में हैं। अस्पताल बनाए जाते हैं परंतु दंतेवाड़ा जिले का नाम सुनते ही चिकत्सक नहीं आते हैं। चुंकी एम्स चिकित्सा क्षेत्र में सबसे बड़ी विश्वसनीय संस्था हैं जहां विश्व स्तरीय चिकित्सक पढ़ाई करते हैं। जहां सेवा देना चिकित्सकों का स्वप्न होता हैं। अत: जिले में एम्स की स्थापना हो जाए तो उच्चस्तरीय चिकित्सक आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे। साथ ही ग्रामीण आदिवासी जनजातियों में सरकार के प्रति विश्वास जगेगा ।

चित्रकोट महोत्सव का आयोजन 05 से 07 मार्च को

## कलेक्टर ने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को दिए दायित्व



**जगदलपुर** / जिले में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले चित्रकोट महोत्सव का आयोजन 05 से 07 मार्च को किया जाएगा। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने शुक्रवार को आयोजन की तैयारियों हेतु बैठक लेकर सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा। जिसमें सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत और अपर कलेक्टर को बनाया गया। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक को दायित्व दिया गया साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों को अलग अलग दायित्व दिया गया। महोत्सव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, शासकीय योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों के स्टाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम की आयोजन के संबंध में भी चर्चाकर विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा अलग- अलग दिनों में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने नियद नेल्ला नार योजना के क्रियान्वयन की वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया समीक्षा

## योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरे में हो स्माइल




**जगदलपुर।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरे में स्माइल होना चाहिए तभी बस्तर क्षेत्र के लिए सरकार ने प्रारंभ किए नियद नेल्ला नार योजना सार्थक कहलाएगा। नियद नेल्ला नार यानि आपका अच्छा गांव योजना के जरिए विकास कैंप (पुलिस कैंप) के आसपास के गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ जोड़ा जाना है। शुक्रवार को मुख्य सचिव ने नियद नेल्ला नार योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बस्तर संभाग के जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने योजना के तहत विकास कार्यों, शिविरों के आयोजन की समीक्षा की।

वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम उपस्थित थे। कमिश्नर श्री धावड़े ने शिविरों में जनता के द्वारा की जा रही प्रमुख मागों के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर श्री विजय ने जिले में नियद नेल्ला नार के तहत चिन्हाकित ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों के क्रियान्वयन की जानकारी दी।

## आईटीबीपी ने पशु चिकित्सा शिविर एवं मेडिकल कैंप लगाकर किया मरीजों का उपचार




**छुईखदान** । सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आईटीबीपी 40वीं वाहिनी द्वारा खैरागढ़ विकासखंड के सीमांत गांव कटेमा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया गया।

कटेमा स्थित आईटीबीपी कंपनी के 40वीं बटालियन के कमांडेंट अनंत नारायण दत्त के निर्देश पर कमान अधिकारी सहायक सेनानी श्री निवास एवं डॉ अमित कुमार पांडे की अगुवानी में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर एवम मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया ।इस मौके पर डॉक्टर पांडे के द्वारा लगभग 45 पशुओं का चिकित्सा परीक्षण किया गया द्य जिसमें बीमार तथा कमजोर पशुओं का उपचार किया गया कैंप में उपस्थित पशु पलकों को पशुपालन के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार रहे । साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आईटीबीपी के जवानों ने कटेमा में निशुल्क शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की 40वीं वाहिनी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तारकेश्वर नाथ ने 80 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां वितरण किया




कार्यक्रम के दौरान आसपास के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में आये। जिसमें पुरुष और महिलाओं के साथ काफी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। शिविर में मुफ्त चेकअप तथा दवाइयां वितरित की गई। इस शिविर में आसपास गांव के सरपंच और पंच भी उपस्थित रहे जिन्होंने लोगों को शिविर के प्रति जागरूक किया ।इलाके के लोगों ने शिविर की जमकर तारीफ की और भविष्य में इस प्रकार के ज्यादा से ज्यादा शिविर करने का आईटीबीपी से आग्रह किया।

**आईटीबीपी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों पर सुरक्षा के साथ साथ सीमावर्ती लोगों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखती है -- श्रीनिवास सहायक सेनानी**

इस शिविर के आयोजन पर 40वीं वाहिनी के आईटीबीपी कैंप कटेमा के सहायक सेनानी श्रीनीवास ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बल की अच्छी छवि बनती है । आईटीबीपी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों पर सुरक्षा के साथ साथ सीमावर्ती लोगों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखती है ।इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से जरूरतमंद लोगों को चेकअप तथा दवाइयां आसानी से मुहैया हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा सुदूर इलाकों में इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। बताते चलें कि नक्सली इलाकों में आईटीबीपी की ओर से लगातार सिविक एक्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके माध्यम से चिकित्सा शिविर के साथ उनके बीच विभिन्न जरूरत के सामानों का वितरण किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से निरीक्षक संदीप कुशवाह, राजीव कुमार, सहायक उप निरीक्षक बी. बी.दलाई, केवल कुमार, सहायक उप निरीक्षक मेडिकल जयप्रकाश, हवलदार प्रशांत कुमार ,एवं अन्य हिमवीर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उभरती हुई संभावनाओं का सदुपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में बढ़ें युवा-वित्त मंत्री ओपी चौधरी

* वित्त मंत्री ने कहा कृषि को व्यवसायिक रूप देने शिक्षा विद अपने ज्ञान को खेतों और किसानों तक पहुंचाएं

* चौधरी ने कहा डीसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के जरिए विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़

जोहार छत्तीसगढ़- रायपुर।





छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एफ पीओ मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल तथा नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र मणि की मौजूदगी रही। इस मेले के जरिए प्रदेश भर के किसान अपने उत्पादों के विक्रय तथा विपणन से संबंधित जानकारी हासिल कर सकेंगे और नई तकनीक की जानकारी हासिल कर अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन करते हुए नए एफपीओ बनाकर अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। एफ पीओ अर्थात किसान उत्पादक संगठन छोटी जोत आधारित कृषि को एक व्यवहारिक कृषि व्यवसाय में बदलने और विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों की शुद्ध आय बढ़ाने के लिए एक प्रभावी तंत्र के रूप में उभर रहा है। छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में 57 एफ पीओ खाद्यान्न, फलों, सब्जियों और मसालों के उत्पादन जैसे विभिन्न गतिविधियों में लगे हुए हैं। इन एफपीओ की संख्या और बढ़ायी जा सके तथा इनके जरिए राज्य भर के किसान कृषि को फायदेमंद व्यवसाय बना सकें, इसलिए नाबार्ड द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एफपीओ मेला का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य भर के 46 एफपीओ अपने उत्पादों के साथ हिस्सा ले रहे हैं। एफपीओ मेला को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राज्य बनाने की बात कही है। यह तभी संभव है जब छत्तीसगढ़ राज्य भी विकासशील से विकसित बने। इसके लिए मुख्ययमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने बजट में अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन /2047 की बात कही है जिसे 1 नवंबर 2024 को लांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर एवं सरगुजा जैसे क्षेत्रों मे विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए बजट में डीडीपी अर्थात डीसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें तकनीक को बढ़ावा देना होगा इसके लिए इस बजट में तकनीक को बढ़ावा देने हेतु 266 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

ओपी चौधरी ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से एफपीओ का काम बहुत अच्छा चल रहा है और इसके भीतर की असीम संभावनाओं को देखते हुए इसमें मछली पालन को भी शामिल करने की आवश्यकता है। ओपी चौधरी ने कहा कि कृषि आज की आवश्यकता और आजीविका वर्धन का सशक्त माध्यम है। स्वयं के द्वारा केला, नारियल, कटहल,चीकू और सफेद चंदन की खेती किए जाने का जिक्र करते हुए कहा इस खेती को वे व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा कृषि की पढ़ाई कर रहे हैं। इन युवाओं को आने वाले समय में उभरती हुई संभावनाओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए ताकि कृषि को तकनीक से जोड़कर राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए जा सके। युवाओं को अपने आत्मविश्वास, ज्ञान और समय के निवेश से स्वरोजगार की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। ओपी चौधरी ने कहा कि वैज्ञानिक खेती की नई किस्मों की लगातार खोज कर रहे हैं इसके साथ ही शिक्षाविद् भी वर्षों से युवाओं को खेती किसानी के बारे में पढ़ा रहे हैं। ऐसे में इन शिक्षाविदों को भी अपने ज्ञान को खेतों और किसानों तक पहुंचाना चाहिए ताकि कृषि को व्यवसायिक रूप देने में आसानी हो सके और किसानों को भी ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 10 हजार एफपीओ के गठन और संवर्धन पर केंद्रीय क्षेत्र योजना सीएसएस की घोषणा की है। नाबार्ड इसके कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक है। एफपीओ के उत्पाद कम समय में दूर तक पहुंच सके, शहरी खरीददारों को कृषक समुदाय के करीब लाया जा सके इसके लिए इन्हें आनलाइन विक्रय एजेंसियों से भी जोड़ा गया है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 1 लाख से अधिक कृषक हुए लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।



भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त की राशि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 28 फरवरी 2024 को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से किसानों के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। 16वीं. किस्त जारी होने के दिन को ''पीएम किसान उत्सव दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस आयोजन के दौरान व्यापक रूप से योजना का प्रचार-प्रसार मैदानी अधिकारियों के माध्यम से करते हुए, किसानों के बीच उनके आधार सीडेड बैंक में धनराशि जारी होने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें किसानों को योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न मिडिया प्लेटफार्मों के साथ-साथ वेबकास्ट के माध्यम से जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 1 लाख 18 हजार 864 पात्र कृषकों के आधार आधारित बैंक खाते में 26 करोड़ 16 लाख रूपये हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत, उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेष उपाध्याय, ग्राम पंचायत खपराडीह सरपंच लक्ष्मण दास मानिकपुरी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ सिंह, सतीश वर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, विरेन्द्र साहू ज्योति वर्मा (बीटीएम), मुकेश तिवारी अंकिता अग्रवाल (एटीएम) सहित विकासखण्ड बलौदाबाजार भाटापारा एवं बिलाईगढ़ के 88 कृषक उपस्थित रहे।

# सहायक उप निरीक्षक मनीष चौबे ने मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल 2 व्यक्तियों की मदद करते हुए

## अपने निजी वाहन से घायलों को पहुंचाया अस्पताल

जोहार छत्तीसगढ़ बालौदाबाजार।





आज प्रात: पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में स्टेनो के पद पर कार्यरत सहायक उप निरीक्षक (एम) मनीष चौबे अपने गृह निवास भाटापारा से ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए अपने निजी वाहन कार के माध्यम से बलौदाबाजार आ रहे थे, कि *इसी बीच भाटापारा से थोड़ा आगे बलौदाबाजार-भाटापारा सडक मार्ग में राजाढार बायपास मार्ग के पास दो मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हो गया था। इस एक्सीडेंट में मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए* थे। यह दृश्य देख तत्काल मनीष चौबे घायलों की मदद करने उनके पास पहुंचे। उनसे सामान्य बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। इस बीच उन्होंने देखा कि दोनों घायलों के सिर अन्य हिस्सों से भारी मात्रा में खून बह रहा है, इस स्थिति में दोनों घायलों को तत्काल समुचित प्राथमिक उपचार की आवश्यकता थी। थोड़ा सा भी विलंब दोनों घायलों के लिए घातक सिद्ध हो सकता था।

साथ ही घटनास्थल में एंबुलेंस आने में भी विलंब होता। ऐसी स्थिति में मनीष चौबे ने तत्काल घटनास्थल पर मौजूद अन्य लोगों की सहायता से दोनों घायल व्यक्तियों को अपनी कार से भाटापारा अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों घायलों का उपचार जारी है। वर्तमान में अभी दोनों घायलों की स्थिति सामान्य है। डॉक्टर का कहना था, यदि समय पर दोनों घायलों को हॉस्पिटल ना पहुंचाया जाता, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की आप सभी से अपील किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों की मदद करने के लिए तुरंत आगे आए। इस परोपकारी कार्य से आप किसी का जीवन बचाने के साथ-साथ उस आहत व्यक्ति के परिवार की भी मदद कर रहे हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए घायलों की मदद करें, यथासंभव उन्हें तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाएं एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सदैव सहयोग करें।

एक नजर

# म.प्र. - छ.ग. पुलिस की संयुक्त टीम शातिर ठग को किया गिरफ्तार

## अब तक कर चुका 2.45 करोड़ रुपये की ठगी

**कबीरधाम ।** एमपी-सीजी पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को एक ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दोनों राज्य में 2.45 करोड़ रुपये की ठगी की है। इसके गिरोह के अन्य सदस्य को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार किया था। गुरुवार को पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी गिरोह ने कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के एक रिटायर्ड कर्मचारी से पांच लाख रुपये की ठगी की थी।



सहसपुर लोहारा थाना के एएसआई संदीप चौबे ने बताया कि पीड़ित घनश्याम राम साहू निवासी ग्राम गगरिया खम्हरिया थाना सहसपुर लोहारा ने 16 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने अपने शिकायत में बताया था कि क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम से ओटीपी देकर आरोपी ने चार लाख रुपये की ठगी की। इस मामले में पुलिस ने 420 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी सुजीत चौधरी निवासी नई बस्ती सुभाष नगर बगियाटोला रांझी थाना रांझी जबलपुर (एमपी), राजा ऊर्फ गुलाम हसनैन निवासी मक्का नगर मक्का मस्जिद के पास संजय गांधी वार्ड आधारताल थाना हनुमानताल जबलपुर (एमपी), गौरव मरावी निवासी कांचघर पुलिस लाईन दुर्गा मंदिर ठाकुर आटा चक्की पास थाना घामापुर जबलपुर (एमपी) को 15 जनवरी 2024 को गिरफ्तार किया था।

अब गुरुवार को इसी मामले में चौथे आरोपी इफ्फीखार निवासी हनुमानताल थाना हनुमानताल जिला जबलपुर (एमपी) को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा अभी तक मध्यप्रदेश मे 2 करोड 40 लाख रुपये व छत्तीसगढ मे 5 लाख रुपये की ठगी की जा चुकी है। इन लोगों के द्वारा क्रेडिट कार्ड, लक्की ड्रा, ऑनलाइन नौकरी समेत अन्य प्रकार से साइबर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपी के पास से मोबाइल व अलग-अलग फ्रॉड करने संबंधी संदिग्ध वस्तु बरामद की गई है। केंद्रीय जेल जबलपुर (एमपी) से फॉर्मल गिरफ्तारी की गई है।

# अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

## कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार 2 वाहन किया गया सीज



**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कुरूद क्षेत्र से अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर बीते रात को 2 वाहन जप्त कर कुरूद मंडी में सीज किया गया।

# जिले के नये कलेक्टर कुमार लाल चौहान ने संभाला पदभार

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।



जिले के नये कलेक्टर कुमार लाल चौहान ने आज पदभार संभाल लिया है। उन्होंने दोपहर 1 बजे सँयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में में अपना चार्ज लिया। वह जिले में 10 वे कलेक्टर के रूप में नियुक्त हुए। इसके पूर्व वह कांकेर एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर रह चुके है। इसके साथ ही जांजगीर चांपा एवं कबीरधाम जिला पंचायत सीईओ का कामकाज भी सभांल चुके है। इसके अतिरिक्त वह 2009 से 2011 के बीच बलौदाबाजार में अपर कलेक्टर के रूप में कामकाज संभाल चुके है। श्री चौहान 2009 बैच के आईएएस हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे अपर कलेक्टर बी सी एक्का एसडीएम अमित गुप्ता अंशुल वर्मा नितिन तिवारी सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे, डिप्टी कलेक्टर आर आर दुबे, कोषालय अधिकारी गिदौडे, जनसम्पर्क अधिकारी डी एस सिदार, सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

# बस एजेंट की जोरापारा में एक शेड के पाईप से लटका हुआ मिला शव, स्वजन की मांग पर दोबारा कराया जा रहा पीएम



**बिलासपुर ।** तखतपुर के जोरापारा में गुरुवार की सुबह बस एजेंट की लाख फांसी के फंदे पर लटकती मिली है। उसका मोबाइल गांव के ही अन्य व्यक्ति के पास मिला है। इसकी जानकारी लगते ही स्वजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पीएम के बाद स्वजन शव लेकर थाने पहुंच गए। स्वजन की मांग पर पुलिस ने एक्सपर्ट से पीएम कराने का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को शव सिम्स भेजा गया है। डाक्टरों की टीम बनाकर पीएम कराया जाएगा। तखतपुर क्षेत्र के ग्राम बेलसरी में रहने वाली सरस्वती खांडेकर ने बताया कि उनका बेटा योगेश खांडेकर(18) बस एजेंट का काम करता था। बुधवार को वह काम पर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं आया। रात को स्वजन उसकी जानकारी जुटा रहे थे। सुबह कुछ लोगों ने राजू की लाश जोरापारा में एक शेड के पाईप से लटके हुए देखा। इसकी जानकारी होने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी स्वजन को दी गई। इस दौरान योगेश का मोबाइल उसके पास नहीं मिला। पुलिस ने योगेश के नंबर पर काल किया तो एक अन्य व्यक्ति के पास मोबाइल मिला। उसने बताया कि मोबाइल सड़क पर पड़ा था जिसे उसने उठा लिया। इसके बाद स्वजन हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए जांच की मांग करने लगे। इस बीच पुलिस ने शव का पीएम कराया। स्वजन ने एक्सपर्ट से पीएम की मांग करते हुए शव लेकर थाने आ गए। यहां पर अधिकारियों ने स्वजन को समझाईश दी। साथ ही सिम्स में एक्सपर्ट से पीएम कराने का आश्वासन दिया। शुक्रवार की सुबह शव सिम्स भेजा गया। यहां पर डाक्टरों की टीम से पीएम कराया जाएगा। तखतपुर में डाक्टरों ने शव का पीएम किया है। डाक्टरों ने शार्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। इसमें फांसी लगाने की पुष्टी हुई है। इधर स्वजन एक्सपर्ट से पीएम की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को स्वजन भी बड़ी संख्या में सिम्स पहुंचे। उनकी मौजूदगी में शव का पंचनामा किया गया। सिम्स में पीएम का वीडियो रिकार्डिंग कराया जाएगा।

# देवेंद्र हिरवानी बने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी- कर्मचारी फेडरेशन के जिला अध्यक्ष

**बालोद ।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी- कर्मचारी - फेडरेशन के बालोद जिले के जिलाध्यक्ष देवेंद्र हिरवानी को बनाए गए हैं। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष तुलसी साहू ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए हिरवानी को यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले बैठक कर मीटिंग आहूत की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की सभी जिलों में जिला अध्यक्ष जिला संयोजकों की नियुक्ति की गई है। वही बालोद जिले से देवेंद्र हिरवानी को जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति देते हुए महती जिम्मेदारी सौंपी गई है।इससे पूर्व देवेंद्र हिरवानी रोजगार सहायक संघ छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष के पद पर दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष तुलसी साहू, संरक्षक प्रकाश शुक्ला, उपाध्यक्ष राजदेव सेठी एवं अन्य पदाधिकारी ने देवेंद्र हिरवानी को कर्तव्य पूर्ण जिम्मेवारी के निर्वहन हेतु प्रेरित किया और शुभकामनाएं दी है और फेडरेशन के कार्य को ध्यान में रखते हुए फेडरेशन से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन हेतु निर्देशित किया गया है।



भाजपा नेता शैलेंद्र और युवती के बीच चल रहा था अफेयर,

# ब्लैकमेल करने वाली शातिर सोनिया गिरफ्तार, सुसाइड नोट के आधार पर कार्यवाही



**मुंगेली ।** लोरमी के भाजपा नेता शैलेंद्र जायसवाल को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली सोनिया लकड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला लोरमी नगर पंचायत का है। 8 माह पूर्व नगर पंचायत के एल्डरमैन एवं भाजपा नेता शैलेंद्र जायसवाल को पैसे के लिए ब्लैकमेल करके मासिक रूप से परेशान करने वाली सोनिया लकड़ा को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हैं कि आठ माह पूर्व शैलेंद्र जायसवाल उर्फ शीलू ने बिजली के खंभे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मौत से पहले शैलेन्द्र जायसवाल ने एक सुसाइड नोट भी लिखा था जिसमे आरोपी सोनिया के नाम का जिक्र था। मृतक शैलेन्द्र जायसवाल के सुसाइड नोट के आधार पर आज उसकी एक्सपर्ट राइटिंग की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सोनिया लकड़ा को उसके गांव जमुनाही थाना खुड़िया से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया हैं। शैलेंद्र और युवती के बीच चल रहा था अफेयर SDOP माधुरी धीरही ने बताया कि युवती और बीजेपी नेता शैलेंद्र जायसवाल के बीच 2018 से जान पहचान थी। जांच में पुलिस ने मृतक के मोबाइल के सीडीआर भी खंगाले जिसमें दोनों के बीच रोजाना घंटों बातचीत की बात भी सामने आई है।

वहीं पकड़ी गई युवती ने भी पुलिस की पूछताछ में बताया कि शैलेंद्र के साथ उसका अफेयर था। वे अक्सर फोन पर बातें किया करते थे। सुसाइड नोट की पड़ताल के लिए पुलिस ने हैंड राइटिंग एक्सपर्ट की मदद ली। करीब 7 महीने का बाद हैंड राइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट में पता चला कि शैलेंद्र ने ही सुसाइड नोट लिखा था। पुलिस ने सोनिया लकड़ा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया।

# जिले में किया गया 1 फरवरी से 29 फरवरी तक राजस्व शिविर का आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में 1 फरवरी से 29 फरवरी तक राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों में सुधार, नये राजस्व प्रकरणों को दर्ज करना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, आधार से ई-केवाईसी, खसरे की आधार से लिंकिंग, आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। इसके साथ ही शिविर में लोगों की समस्याओ का निराकरण करने के साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व शिविर जिले के सभी 176 पटवारी हल्का मुख्यालय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 4391 आवेदन प्राप्त हुए तथा 3864 का त्वरित निराकरण किया गया।

# बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों को विधायक देंगी स्कूटी व बाइक

## पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं



**मनेन्द्रगढ़ ।** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी व बाइक देने की घोषणा की है। विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 10 वीं व 12 वीं में अव्वल आने वाले छात्रों को स्कूटी या बाइक देने का ऐलान किया है। विधायक ने कहा है कि ऐसे ऐलान से छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुझान बढ़ेगा। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा है कि, प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही है। शुक्रवार से 12 वीं की व शनिवार से 10 वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि विद्यार्थी इस बार पूर्व से भी ज्यादा अच्छे परिणाम लायेंगें एवं अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे। सभी परीक्षार्थियों की सफलता के लिए मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएँ है। मेरे विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसी घोषणा होने से वनांचल क्षेत्र के बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और अव्वल आने भरसक प्रयास करेंगे। रेणुका सिंह ने छात्रों से खूब मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने की अपील करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बिना किसी तनाव के दे परीक्षा

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, परीक्षा के समय किसी प्रकार की घबराहट व डर मन में न पाले। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देती हूं। प्रदेश के बच्चों को कहना चाहूंगी कि आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो, कोई भी छात्र हताश या निराश न हो, आने वाला समय आपका होगा। सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ते रहे, सभी बेटे व बेटियों को शुभकामनाएं।

# राज्य मानसिक चिकित्सालय के अधीक्षक आर्या हटाए गए, प्रभु को प्रभार

बिलासपुर । कार्य में लापरवाही और स्टाफ पर लगाम नहीं होने के कारण मेंटल हास्पिटल के डा जेपी आर्या को शासन ने अधीक्षक के पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर इसी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डा प्रभु कुमार चौधरी को कमान सौंपी गई है।




आदेश जारी होने के बाद डा प्रभु ने गुरुवार को पद ग्रहण कर लिया है।

सेंदरी स्थित 200 बिस्तर क्षमता वाले राज्य का एकमात्र मानसिक चिकित्सालय में लगातार अव्यवस्था सामने आ रही थीं। दरअसल यहां कार्यरत स्टाफ के आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं था। सुबह 10 बजे के बजाय कर्मचारी दोपहर 12 व एक बजे अस्पताल पहुंच रहे थे। इसके अलावा मरीजों का सही तरीके से उपचार भी नहीं हो रहा था। मरीज और स्वजन डाक्टरों के इंजतार में घंटों परिसर में बैठे रहते थे। इसकी शिकायत कलेक्टर के माध्यम से राज्य शासन से की गई थी।

इसे गंभीरता से लेते हुए शासन ने डा जेपी आर्या को हटाने का आदेश जारी किया है। 28 फरवरी को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अवर सचिव मुकेश चौहान ने पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि मानसिक चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत डा प्रभु कुमार को अधीक्षक का प्रभार सौंपा जाता है। इस आदेश के बाद डा प्रभु ने अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करते मिले थे डाक्टर

डा जेपी आर्या के खिलाफ कलेक्टर को शिकायत मिली थी कि वे एक निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करते हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संबंधित अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डा आर्या प्रैक्टिस करते मिले। इसकी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई थी। कलेक्टर के माध्यम से कार्रवाई की फाइल शासन को भेजी गई है।

### आर्थोपेडिक विशेषज्ञ हैं डा आर्या

राज्य मानसिक चिकित्सालय में मनोचिकित्सक की नियुक्ति होनी है। वर्तमान में सिर्फ दो मनोचिकित्सक कार्य कर रहे हैं। डा आर्या आर्थोपेडिक विशेषज्ञ हैं। यहां हड्डी रोग से संबंधित कोई काम भी नहीं है। इसके बाद भी उन्हें अस्पताल का अधीक्षक बना दिया गया। वर्तमान में डा आर्या के पास संयुक्त संचालक स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी है।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी



अमित जोशी और आराधना शाह के निर्देशन में बनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की कहानी रोबोट और इंसान की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। फिल्म में शाहिद कपूर ने आर्यन नाम के इंसान तो कृति सैनन सिफरा नाम की एक रोबोट बनी हैं। हालांकि, लोगों को यह कहानी कुछ रास नहीं आई। पिछले कुछ दिनों से फिल्म की कमाई में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। अब इसका दैनिक कारोबार लाखों में सिमट चुका है। अब तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की कमाई के 19वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे गुरुवार 75 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 75.40 करोड़ रुपये हो गया है।



एरिका फर्नांडिस ने दरिया किनारे लगाई आग

# टीवी एक्ट्रेस ने फ्लोरल बिकनी में शेयर की हॉट तस्वीरें

एक्ट्रेस एरिका फर्नांडीस बोल्डनेस के मामले में बॉलीवुड की हसीनाओं को मात देती हैं। एरिका छोटे पर्दे की हॉट एक्ट्रेसेस में से एक हैं। हमारी इस बात से उनके फैंस भी सहमत होंगे। सोशल मीडिया पर आए दिन उनकी तस्वीरें तहलका मचा देती हैं।

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अदाकारा एरिका फर्नांडिस ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ बेहद धमाकेदार तस्वीरें शेयर की हैं. एरिका फर्नांडिस ने फ्लोरल बिकनी पहनी है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और समंदर किनारे सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई कर रही हैं. वह बिकिनी पहन कातिलाना अदाओं से पानी में आग लगाती दिख रही हैं। उनका किलर फिगर देख आपकी सांसे थम जाएंगी। एरिका की ये तस्वीरें सोशल साइट पर काफी वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.एरिका फर्नांडिस ने कई टेलीविजन शोज में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है.उनकी इस बोल्ड तस्वीरों के साथ वायरल होने से यह स्पष्ट हो रहा है कि वे अपनी फैंस को हमेशा अपडेट करती रहती हैं।

# आयशा खान फिल्म लकी भास्कर में हुई शामिल

दलकीर सलमान के अपोजिट आएंगी नजर

रियलिटी शो बिग बॉस के नवीनतम सीजन में धमाल मचाने वाली अभिनेत्री आयशा खान मलयालम स्टार दुलकर सलमान के साथ उनकी आगामी फिल्म लकी बस्कर में शामिल हो गई हैं।

यह फिल्म, जो तेलुगु सिनेमा से संबंधित है, को एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखा जाता है, और हाल ही में इसका पहला लुक इंस्टाग्राम पर जारी किया गया था।

नए विकास के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, मुझे अपने दक्षिण-भारतीय प्रशंसकों से जो प्यार मिलता है वह जबरदस्त है और यह कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगी। मैं हमेशा खुद को बेहतर करने के लिए प्रेरित करना चाहता था और इस प्रक्रिया में दुलकर सलमान से बेहतर कौन हो सकता है। दुलकर ऐसे व्यक्ति हैं जिनकी कला की मैंने हमेशा प्रशंसा की है।

उन्होंने आगे कहा, मैं फिल्म में अपनी विशेष भूमिका के लिए बहुत उत्साहित हूं। वेंकी सर के निर्देशन में प्रदर्शन करना और इतनी अच्छी टीम का हिस्सा बनना सम्मान की बात है।



# शैतान का नया पोस्टर जारी, आमने-सामने दिखे अजय देवगन और आर माधवन



अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।शैतार 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।अब इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने से जुड़ी महत्तवर्पूण जानकारी साझा की है।शैतान के पहले गाने का नाम ऐसा मैं शैतान होगा, जो 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। फिल्म का नया पोस्टर भा सामने आया है।

सामने आए पोस्टर में अजय और माधवन आमने-सामने दिख रहे हैं।जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म का नया पोस्टर और पहले गाने से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए लिखा, अब रहेगा खौफ सिर्फ शैतान का। ऐसा मैं शैतान 29 फरवरी को पैनोरमा म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो रहा है।शैतान एक सुपरनेचुरल फिल्म हैं। इस फिल्म में अजय देवगन शैतानी शक्तियों से लड़कर अपने परिवार को बचाते हुए नजर आएंगे। मूवी में आर माधवन निगेटिव रोल निभा रहे हैं। खतरनाक टीजर के बाद अजय देवगन ने एक बार फिर शैतान की झलक दिखाई है। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा का जानी-मानी अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। विकास बहल निर्देशित शैतान का टीजर कुछ समय पहले ही रिलीज किया गया था, जिसमें अजय और ज्योतिका से ज्यादा ध्यान माधवन ने खींचा था। उनका खतरनाक विलेन रोल किसी की भी रूह कंपाने के लिए काफी है।

# किआरा आडवाणी डॉन 3 में लगाएंगी एक्शन का तड़का, रणवीर सिंह के साथ जमेगी जोड़ी



डॉन 3 के निर्माता, रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने कल एक बड़ी घोषणा की तरफ इशारा करते हुए दर्शकों को बड़ा सरप्राइज़ दिया है, जी हां दर्शकों के बीच उत्साह की लहर देखने मिल रही है.डॉन 3 की लीड एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि कियारा आडवाणी हैं. इसका ऐलान एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से किया है. कियारा आडवाणी, जो अपनी अदाएं और प्रभावशाली एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, अब वह डॉन की दुनिया में एक्शन का तड़का लगाने वाली हैं. इस उत्साह को और भी बढ़ाते हुए फैंस कियारा और रणवीर सिंह के बीच की केमिस्ट्री और ऑन स्क्रीन प्रेजेंस को साथ में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं. बता दें कि दोनो स्टार्स अपने क्राफ्ट में बेहतरीन हैं और ऑन स्क्रीन अपनी चमक बिखेरने के लिए मशहूर हैं. ऐसे में अब जब दोनो पहली बार साथ आए हैं।

# बड़े मियां छोटे मियां का मस्त मलंग झूम हुआ रिलीज, सोनाक्षी संग झूमते नजर आए अक्षय-टाइगर




बॉलीवुड एक्टर्स अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का दूसरा गाना मस्त मलंग झूम अब रिलीज हो गया है. यह फुट-टैपिंग और कैची नंबर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ थिरकते नजर आ रह हैं. इस गाने को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है जिससे गाना और भी अच्छा लग रहा है. इस गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है, जबकि इरशाद कामिल ने इसके बोल लिखे हैं। इस गाने को अक्षय कुमार ने शेयर किया है. काफी दिनों से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के गानों का फैंस को इंतजार था जो अब लगभग पूरा होने वाला है. क्योंकि ईद अप्रैल 2024 को ये फिल्म रिलीज होगी. फिल्म देखने से पहले आपको इस फिल्म का गाना देखना चाहिए जो काफी मस्तीभरा है. मस्त मलंग झूम गाना बड़े मियां छोटे मियां के साउंडट्रैक के अलावा एक और फुट-टैपिंग का एडिशन है. इस गाने को दो लीड्स के बीच की एनर्जी और केमिस्ट्री को बेहतरीन दिखाता है. अक्षय ने इसे शेयर करते हुए लिखा, मस्त एनर्जी, बीट्स-मलंग, ग्रूव-झूम. ये टाइम है मस्त मलंग झूम के बीट पर डांस करने का. बड़े मियां छोटे मियां ईद पर रिलीज होगी. इस गाने में जहां आप टाइगर श्रॉफ का एनर्जी लेवल काफी अलग देखेंगे वहीं अक्षय कुमार भी अपने यंग को-स्टार को एनरजेटिक स्टेप्स दिखाते नजर आ रहे हैं। इस गाने में आप अक्षय-टाइगर का ब्रोमांस भी देख सकते हैं. बहुत जल्द फैंस की जुबां पर ये गाना चढ़ सकता है और लोगों को इसके कैची मूव्स दीवाना बना सकता है।

## खेल




# दिल्ली कैपिटल्स ने RCB को 25 रन से हराया

*मारिजैन कैप का दोहरा प्रदर्शन, मंधाना का पहला WPL अर्धशतक काम नहीं आया*

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में RCB ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 194 रन बनाए। जवाब में RCB 20 ओवर में 9 विकेट पर 169 रन ही बना सकी। दिल्ली की ओर से शेफाली वर्मा ने 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, मारिजैन कैप ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने बल्ले ने 16 बॉल में 32 रन बनाए और गेंद से 2 विकेट लिए।

RCB की कप्तान स्मृति मंधाना की 74 रन की अर्धशतकीय पारी काम नहीं आई। यह WPL इतिहास में उनकी पहली हाफ सेंचुरी थी। हालांकि, वे कुल 130 रन बनाकर WPL-2 की टॉप स्कोरर बन गई हैं, उन्हें ऑरेंज कैप मिली।

### दिल्ली ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन बनाए

दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन बनाए। टीम के लिए पारी की शुरुआत मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा ने की। लेनिंग 11 रन बना करआउट हो गई। इस बीच शेफाली ने पावरप्ले में बड़े शॉट्स लगाने की जिम्मेदारी ली। पावरप्ले में टीम ने 1 विकेट खोकर 45 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आई, ऐलिस कैप्सी ने भी शेफाली का साथ दिया और आक्रामक तरीके से खेलते हुए साथ 82 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। श्रेयांका पाटिल ने शेफाली को अर्धशतक लगाते ही आउट कर दिया और साझेदारी तोड़ दी। जेमिमा रोड्रिग्ज खाता भी नहीं खोल सकी और 0 रन बनाकर पवेलियन लौटी।




यहां से पारी रोचक हुई और आखिरी 5 ओवर में 70 रन बने। मारिजैन कैप ने 16 बॉल में 32 रन की पारी खेली। आखिर में जेस जोनासन ने आक्रमक पारी खेली और 16 गेंद में 36 रन स्कोर किए। कैप ने तीन और जोनासन ने 2 सिक्स लगाकर प्रहार किया। जोनासन के साथ अरुणदती रेड्डी 10 रन बनाकर नाबाद रहीं।

### डिवाइन और क्लर्क को 2-2 विकेट मिले

दिल्ली की ओर से सोफी डिवाइन और नादिन डी क्लर्क को 2-2 सफलताएं मिली। डिवाइन ने शुरुआत में लेनिंग और आखिर कैप को आउट किया। वहीं, क्लर्क ने जेमिमा और कैप्सी के महत्वपूर्ण विकेट लिए। श्रेयांका पाटिल को 1 विकेट मिला। RCB के लिए स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन ने पारी की शुरुआत की। मंधाना ने आक्रमक बल्लेबाजी की और पावरप्ले में 28 बॉल पर 45 रन बनाए।

## एक नजर

# फ्रैंच फुटबॉलर पॉल पोग्बा पर लगा चार साल का बैन

डोपिंग में दोषी पाए गए, 2018 में जीता था फीफा वर्ल्ड कप

फ्रांस और युवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर डोपिंग में पॉजिटीव पाए जाने पर चार साल का बैन लगाया गया है। इटली लीग में खेलने वाले फुटबॉलर को (टेस्टोस्टेरोन -) के लिए पॉजिटीव पाया गया था। इसके बाद सितंबर में इटली के नेशनल डोपिंग एजेंसी (NDO इटालिया) ने उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित किया था। पॉल पोगबा फुटबॉल जगत के बड़े नामों में से एक है। इटली की लीग सिरी-ए में खेलने वाले पोगबा 2018 फीफा वर्ल्ड कप विनिंग टीम फ्रांस का भी हिस्सा थे। 20 अगस्त 2023 को उडिनीज में युवेंटस की 3-0 सीरी ए सीजन-ओपनिंग जीत के बाद पोगबा की जांच की गई। जांच में पोगबा के टेस्टोस्टेरोन का पता चला, यह हार्मोन एथलीटों के धीरज को बढ़ाता है।अक्टूबर में दूसरे सैंपल के जवाबी विश्लेषण में भी पोगबा के सकारात्मक डोपिंग परीक्षण की पुष्टि की गई थी। पोग्बा ने इटली की एंटी डोपिंग एजेंसी के साथ कोई समझौता नहीं करने का विकल्प चुना और इसलिए मामले को देश की एंटी डोपिंग कोर्ट के सामने चलाया गया। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर द एसोसिएटेड प्रेस को फैसले की पुष्टि की क्योंकि इटली के प्राइवेसी कानूनों के कारण सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया था।



# WFI के नेशनल ट्रायल का पहलवानों ने किया बहिष्कार

**बजरंग पुनिया बोले- सरकार कुछ नहीं कर सकती तो हम भाग नहीं लेंगे**



**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ द्वारा पेरिस ओलिंपिक और दो एशियन ट्रायल की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। साथ ही आंदोलनरत पहलवान तिगड़ी साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट को भी इसमें आमंत्रित किया गया है। अब साक्षी मलिक के बाद बजरंग पुनिया ने भी इन ट्रायलों का बॉयकाट कर दिया है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि विनेश फोगाट, सेवानिवृत्त साक्षी मलिक और अन्य प्रदर्शनकारी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा घोषित राष्ट्रीय ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। खासतौर जब तक सरकार इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करती और उचित समाधान प्रदान नहीं करती।

### बजरंग बोले- सरकार कुछ नहीं कर रही, यह अजीब है

बजरंग पूनिया ने कहा, हमें नहीं पता कि क्या हो रहा है। सरकार कुछ क्यों नहीं कर रही है? WFI राज्य चुनाव करा रहा है, सरकारी पैसे का इस्तेमाल कर रहा है और खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने के बावजूद ट्रायल आयोजित कर रहा है। यह वास्तव में निराशाजनक है। यदि ट्रायल केवल डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) के हाथों में है और सरकार कुछ नहीं करेगी, तो हम ट्रायल के लिए भी नहीं जाएंगे।

# BCCI मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का करेगा आयोजन, टूर्नामेंट 29 मार्च से पुणे में शुरू होगा

6 टीमें लेंगी भाग




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का आयोजन करने का फैसला किया है। यह तीन दिन का होगा। टूर्नामेंट 29 मार्च से पुणे में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को क्षेत्रों के आधार पर बांटा गया है। इसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और नॉर्थ ईस्ट की टीम इसमें शामिल होंगी। ये टीमें पांच मैचों की सीरीज में हिस्सी लेंगी।

### क्वार्टर फाइनल से शुरू होगा टूर्नामेंट

टूर्नामेंट की शुरुआत क्वार्टर फाइनल से होगी। क्वार्टर का मुकाबला 29, 30 और 31 मार्च को होगा। दो क्वार्टर एक साथ होंगे। सभी क्वार्टर के विजेता फिर सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। दोनों सेमीफाइनल एक साथ खेले जाएंगे और 5 से 7 अप्रैल तक चलेंगे। फाइनल 9, 10 और 11 अप्रैल को खेला जाएगा।

BCCI ने WPL को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट का प्लान तैयार किया है। WPL 2024 का फाइनल मुकाबला 17 मार्च को है। ऐसे में BCCI ने WPL फाइनल के बाद 11 दिन का ब्रेक दिया है। जिससे खिलाड़ियों को ब्रेक मिल जाए, साथ ही उन्हें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए तैयार होने का समय मिल सके।

BCCI रेड बॉल क्रिकेट पर अपना फोकस कर रहा है। हाल ही BCCI ने मेंस क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए आदेश निकाले थे कि जो भी क्रिकेटर BCCI के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में शामिल है।

# मप्र में 15 खिलाड़ियों को नौकरी:क्रिकेटर वेंकटेश बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर



**भोपाल।** मप्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बन गए हैं। उन्हें गुरुवार को भोपाल मुख्यालय में 14 अन्य खिलाड़ियों के साथ नियुक्ति पत्र दिए गए। विभाग ने कुल 15 खिलाड़ियों को योग्यता अनुसार ?विभिन्न पदों पर ?नियुक्ति दी है। इनमें वेंकटेश समेत 4 क्रिकेटर, 3 एथलेटिक्स, 3 टेनिस, 3 टेबल-टेनिस, तैराकी और वॉटरस्पोर्ट्स के 1-1 खिलाड़ी शामिल हैं। इंदौर के वेंकटेश ने देश के लिए दो वनडे और 9 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। वर्तमान में कोलकाता नाइट राइडर्स से आईपीएल खेल रहे हैं। मप्र की तीनों फार्मेट की टीमों में खेल रहे हैं। इनकम टैक्स मप्र-छत्तीसगढ़ के प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर मोहनीश वर्मा ने अपाइंटमेंट लेटर सौंपे। इस दौरान छग के चीफ कमिश्नर वीर बिरसा इक्का और मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अभिलाष खांडेकर भी उपस्थित थे। इन्हें मिली नौकरी = रणजी कप्तान शुभम शर्मा टैक्स असिस्टेंट टीए, क्रिकेटर यश दुबे और मिहिर हिरवानी मल्टी टास्ट स्टॉफ एमटीएस , एथलीट सपना कुमारी टीए, परवीन एमटीएस, पारस एमटीएस, टेनिस प्लेयर उदित कंभोज टीए, राघव जयसिंघानी, सारा यादव एमटीएस, टेबल टेनिस प्लेयर सौम्यदीप सरकार स्टेनो, वरुण शंकर बालूसुरी, दीपानविता बसु एमटीएस स्विमर प्रुथविक टीए और केनो सलालम प्लेयर शिखा चौहान एमटीएस।

# डाइट के अकादमिक सदस्यों ने स्कूलों का किया अवलोकन

* पाठ्य सहगामी क्रियाओं एवं सकारात्मक गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करने की दी सलाह





जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर के अकादमिक सदस्यों द्वारा जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण किया गया। सहायक प्राध्यापक सुश्री उषा किरण तिर्की द्वारा दुलदुला विकासखंड के प्राथमिक शाला भिंजपुर, दुलदुला, खुटीटोली और माध्यमिक शाला दुलदुला तथा शिक्षक सरोजनी डाहिरे द्वारा वि.ख. कुनकुरी विकासखंड के प्राथमिक शाला भूरसा, सलियाटोली, भुमरा, सुकबासुपारा और करंजटोली का निरीक्षण कर स्कूलों के छात्र-छात्राओं शैक्षिक स्तर, पाठ्यक्रम की स्थिति, लर्निंग आउटक्रम की पूर्णता, शाला स्वच्छता, वार्षिक परीक्षाओं की हेतु छात्रों की तैयारी का जायजा लिया गया।

सहायक प्राध्यापक सुश्री उषा किरण तिर्की एवं शिक्षक सरोजनी डाहिरे ने बताया की निरीक्षण अवलोकन में शालाओं की स्वच्छता, किचन गार्डन, की स्थिति अच्छी थी, उन्होंने स्कूलों मे बच्चो को अंग्रेजी व गणित पढ़ने के तरीको को भी बताया। अकादमिक सदस्यों द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओ एवं किसी भी प्रकार अच्छी सोच सकारात्मक गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करने की सलाह दी गई।

## अभाविप ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को दिया शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित मे काम करने वाला संगठन रहा है। जिसको देखते हुए आभाविप साजा द्वारा साजा विकास खंड के सभी परीक्षा केंद्रो में जाकर 12 वीं के परीक्षार्थियों को मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर, उनके मनोबल को बढ़ाते हुए, साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दिया। जिसमे नगर मंत्री अरुण सिंह, रणजीत सिंह, सह मंत्री संदीप यदु, भोलाराम, चम्पेश्वर साहू, झम्मन साहू, नरेन्द्र, ज्वाला सिंह, दानेश्वर, गोविंद, सूर्यकान्त, नीलेश, वीरेन, टूकेश, मानसिंह, गजानंद, सौरभ, धनेश्वर, विकाश, हेमा, योगेश्वरी, अंजलि, नीता ठाकुर, ज्योति, गरिमा वर्मा अभाविप के कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च

जिले में 0 से 05 वर्ष के लक्षित 110439 बच्चों को पिलाया जाएगा पोलियो की खुराक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च 2024 को आयोजित होगा। पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा। प्रथम दिवस 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। 04 एवं 05 मार्च को टीम सदस्यों द्वारा घर.घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो पिलाया जायेगा। स्वास्थ्य केन्द्र एवं आगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया जायेगा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन के माध्यम से टीम का गठन किया गया है।




जिले के 1186 बूथों में 1186 टीम बनाया गया है, 4722 कार्यकर्ताओं द्वारा पल्स पोलियों अभियान में कार्य किया जायेगा 321 सुपरवाइजरों द्वारा बूथ एवं गृह भ्रमण की निगरानी की जा जायेगी। ट्रांजिट स्थल, बस स्टैंड, मेला-बाजार एवं संवेदनशील ईंट भट्ठा, निर्माणाधीनद्ध क्षेत्र के लिए मोबाइल टीम गठित कर माइक्रोप्लान तैयार कर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त विभाग डिस्ट्रिक टास्क फोर्स में दिये गये निर्देशानुसार पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभागए एवं अन्य विभाग आपसी समन्वय कर पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये गये। 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो मुक्त देश का प्रमाण पत्र दिया जा चुका है।

भारत में पोलियो वायरस पुनः प्रवेश न कर सके इसके लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 मार्च 2024 को किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एण्डी तिर्की ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत जिले में 0 से 5 वर्ष के अनुमानित लक्षित बच्चे 110439 जिसमें विकासखंडवार क्रमशः पत्थलगांव 22653, फरसाबहार 14499 कांसाबेल 8759, बगीचा 24613, कुनकुरी 13512, दुलदुला 5365, मनोरा 8412 जशपुर 12626 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 02 मार्च को रहेंगे जशपुर जिले प्रवास पर

तामामुंडा, तपकरा के आमसभा एवं लोकार्पण, मनोरा के शहीद वीर बुद्ध भगत जयंती समारोह तथा स्व. शत्रुंजय प्रताप सिंह जुदेव स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता जशपुर के समापन कार्य म में होंगे सम्मिलित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 02 मार्च 2024 को जशपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जिले के विकासखंड फरसाबहार, मनोरा और जशपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 02 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री पुलिस मुख्यालय हेलीपेड रायपुर से प्रात 10 बजे प्रस्थान कर दोपहर 11.15 बजे विखं फरसाबहार के ग्राम तामामुंडा, पहुचेंगे एवं 11 बजे आमसभा एवं लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित तथा दोपहर 12.25 बजे ग्राम.तामामुंडा से मनोरा विकासखण्ड के ग्राम डांडटोली के लिए प्रस्थान कर 1.45 बजे शहीद वीर बुद्ध भगत जयंती समारोह में शामिल होंगे। ग्राम डांडटोली से प्रस्थान कर 3.30 बजे फरसाबहार विकासखण्ड ग्राम तपकरा के आमसभा एवं लोकार्पण कार्यक्रम में पहुचेंगे। शाम 6 बजे तपकरा से प्रस्थान कर स्व. शत्रुंजय प्रताप सिंह जुदेव स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता जशपुर का समापन कार्यक्रम में 7.30 बजे शामिल होगें। रात्रि 8 बजे जशपुर से प्रस्थान कर 8.45 बजे निज निवास ग्राम बगिया पहुंचेंगे।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पालीडीह निवासी जीवनलाल चौहान का आग से जलने से 13 मार्च 2021 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी भुनेश्वरी चौहान बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पालीडीह के मनमोहन लोहार का नाला के पानी में डुबने से 09 फरवरी 2014 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी इन्द्रा बाई हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा 9 मार्च से

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित परीक्षा सत्र 2024 की समय-सारणी का निर्धारण किया गया है। हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 9 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक आयोजित होगी। परीक्षा का समय दोपहर 1.45 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि छात्र-छात्राएं मुख्य परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा संबंधित सभी जानकारी के लिए अपने अध्ययन केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा वेबसाइट में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### आरईएस के कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जशपुर के कार्यपालन अभियंता विपिन राज मिंज को प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन तमता का निर्माण कार्य नहीं कराये जाने पर नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने विगत दिवस 06 फरवरी 2024 को समय-सीमा की बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यो का समीक्षा किया गया। जिसमें पाया गया कि प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन तमता का निर्माण कार्य भूमि विवाद के कारण काम बंद था। वर्तमान में विवाद की स्थिति नहीं होने के कारण 09 फरवरी 2024 से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। ठेकेदार द्वारा 02 दिन निर्माण कार्य प्रारंभ कर काम बंद कर दिया गया। जबकि जमीन विवाद वर्तमान में किसी प्रकार का नहीं है। इसके बावजूद भी आरईएस के कार्यपालन अभियंता द्वारा प्रीमै कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण प्रीमै कन्या भवन निर्माण का प्रगति नहीं हो रही है। उक्त कृत्य पदीय कर्त्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता को प्रदर्शित करता है, जो छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जशपुर के कार्यपालन अभियंता विपिन राज मिंज को प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन तमता का निर्माण कार्य प्रारंभ कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने की बात कही है जिसके लिए कार्यपालन अभियंता जिम्मेदार होंगे।

## बिलासपुर के ग्राम घुटकू में 3 मार्च को होगा छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति स्थापित ठा. शैलु छत्तीसगढ़िया

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

बिलासपुर जिले के ग्राम पंचायत घुटकू में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और महिला सशक्तिकरण टीम द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित की जा रही है, इसी के साथ ग्राम घुटकू में आयोजक समितियों द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वेछा से रक्त दान किया जा सकता है, आयोजन समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार रक्तदान कार्यक्रम के साथ ही 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के लिए यातायात जागरूकता के तहत लर्निंग लाइसेंस बनाने का कार्य भी किया जाएगा जिसमे अपने मूल दस्तावेज की छायाप्रति के साथ लर्निंग लाइसेंस बनवाने वाले साथी शामिल हो सकते हैं। ग्राम घुटकू में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति स्थापना के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाना है, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और महिला सशक्तिकरण टीम के साथ ही ग्राम के सभी नागरिग इस कार्य में अपना योगदान प्रदान कर रहें है, सभी को घुटकू ग्राम में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित होने की खुशी हैए इससे गांव का नाम पूरे प्रदेश में लिया जाए।




## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद से की सौजन्य मुलाकात



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदासए पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल, प्रदीप शृंगी, सूरज अग्रवाल, नवीन खजांची, हीरा मोटवानी ललित बोंदिया सहित चेम्बर एक्शन कमेटी के सदस्य गण आदि ने राज्यसभा सांसद राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह से उनके महल में सौजन्य मुलाकात की। चेम्बर के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने रायगढ़ जिले के व्यापारी बंधुओं के समस्याओं पर आधारित कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई। चर्चा के उपरान्त राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह ने चेम्बर के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि सरकार और व्यापारी बंधुओं के बीच सेतु बनाने का कार्य किया जाए। इससे हमारे राज्य और देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। सौजन्य मुलाकात के विषय में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास बताया कि राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह से उनके सांसद निर्वाचित होने के बाद चेम्बर की पहली मुलाकात थी। इसमें हमारी ओर से शुभकामानाएं प्रेषित की गई और साथ ही व्यापारी बंधुओं की समस्याओं पर चर्चा भी हुई। आगे उन्होंने कहा कि वे रायगढ़ के हैं इसलिए रायगढ़ के व्यापारी बंधुओं की समस्याओं पर उनका ध्याकर्षण भी आवश्यक है। उनका राज्यसभा में निर्वाचन रायगढ़ के लिए लाभकारी होगाए क्योंकि रायगढ़ उनका गृह जिला है और गृह जिले का हर व्यक्ति तथा व्यापारी उनके परिवार का सदस्य है। यही कारण है कि हमें उन्होंने अच्छे से सुना और समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त भी किया।

## भागवत कथा सुनने से मानव जीवन का कल्याण संभव-पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम

बनोरा ग्राम के महिला मंडल द्वारा आयोजित भागवत कथा आयोजन में बाबा प्रियदर्शी राम का आशीर्वचन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भागवत कथा सुनने से मानव जीवन का कल्याण संभव है और जीवन में अज्ञानता दूर होती है और ज्ञान का प्रकाश संभव है। उक्त बाते बाबा प्रियदर्शी राम जी ने ग्राम बनोरा बनोरा ग्राम की महिला मंडल द्वारा आयोजित भागवत कथा वाचन आयोजन की आसंदी से कही। भागवत कथा के आयोजन में बीते गुरुवार अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के संस्थापक पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी का आगमन हुआ। ग्राम वासियों सहित भजन मंडली ने पूज्य पाद का आत्मीय स्वागत किया। बाबा प्रियदर्शी के आगमन पर ग्राम वासियों ने अपने अपने घरों के बाहर कलश में दीप प्रज्वलित किया। महिला मंडल द्वारा आयोजित इस आयोजन को प्रेरणा दाई बताते हुए बाबा प्रियदर्शी राम ने ईश्वर का नाम सुमिरन करने की व्याख्या करते हुए सच्चा मनुष्य बनने हेतु सही दिशा बताई। भागवत कथा सुनने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा इससे मनुष्य जीवन में मौजूद अज्ञानता दूर होती है। साथ ही सारे कर्मो का क्षय हो जाता है। भागवत कथा को कर्म बंधन से मुक्ति का जरिया बताते हुए पूज्य बाबा राम जी ने कहा भागवत कथा सुनने वाले श्रद्धालु जिस भाव से सुनते है वैसा ही परिणाम मिलता है। भागवत के दौरान सुने गए विषयो का स्थिर चित से मनन करने और उसे व्यवहारिक जीवन में उतारने की आवश्यकता जताई। तभी जीवन में कल्याण संभव है। भगवान का भक्त बनने के लिए स्वार्थ परक विषय का परित्याग करना आवश्यक है। संसार में आते ही स्वार्थ से जुड़ने की वजह से परमात्मा से जुड़ाव संभव नही हो पाता। मनुष्य अपनी सरलता से भगवान को जुड़ने के लिए आसानी से विवश कर सकता है।आसक्तिए चिंतन और आश्रय के जरिए मनुष्य भगवान से जुड़कर श्रेष्ठ भक्त बन सकता है। भक्ति के लिए त्याग तपस्या आवश्यक नही है।

मन की कुटिलता को दूर कर सरलता से भक्ति के मार्ग का पथिक बना जा सकता है।भागवत कथा को यही अपने व्यवहारिक जीवन में नही उतारा जाए तो मन वांछित फल हासिल नही किया जा सकता। असत्य की राह पर चलने वालेए ईश्वर विरोधीए स्वय को भगवान सिद्ध करने वाले राजा के यहां भक्त प्रह्लाद के जन्म को संतो के सत्संग का प्रभाव बताया। ईश्वर विरोधी मानसिकता की वजह से पुत्र भक्त प्रह्लाद को राजा पिता की अनेकों यातनाएं सहनी पड़ी लेकिन प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नही छोड़ा यही वजह है ईश्वर को नरसिंह अवतार लेकर राक्षस पिता हिरण कश्यप का वध करना पड़ा। भागवत कथा श्रावण की शक्ति बताते हुए बाबा प्रियदर्शी ने कहा आज भी मातृ शक्ति गर्भधारण के दौरान सत्संग एवम सद्कार्यों से संस्कार वान बालक को जन्म दे सकती है। बच्चो में संस्कार का बीजारोपण गर्भ से किए जाने की आवश्यकता बताते हुए पूज्य बाबा ने कहा ऐसे बच्चे पढ़ लिखकर देश का कल्याण और राष्ट्रहित में काम कर सकते है।इस दौरान बाबा प्रियदर्शी ने राजा परीक्षित से जुड़े प्रसंग का भी विस्तार से उल्लेख किया।

# शराब बिक्री से परेशान होकर नेवार की महिलाये धरमजयगढ़ थाना पहुंच सौंपे ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**शराब बंदी एक ऐसा मुद्दा हैं जिससे सभी परेशान हो चुके हैं धरमजयगढ़ क्षेत्र में पड़ने वाले नेवार पंचायत की महिलाओं ने शराब बंदी की मांग को लेकर आज धरमजयगढ़ थाना में ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने की मांग की है।**



महिलाओं ने बताया कि गांव में कई परिवार ऐसे हैं जों कच्ची शराब का निर्माण करते हैं इसी के साथ उनके द्वारा अलग-अलग जगहों पर अवैध शराब बिक्री भी जा रही है। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि शराब बिक्री के कारण गांव का माहौल खराब होने लगा है। महिलाओं बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। शराब पीने के बाद लोग गाली-गलौज करते हैं। इसके चलते आए दिन लोगों में मारपीट की नौबत आ रही हैं।

शराब कि नशे में कई घरों में पुरुषो द्वारा महिलाओ से मार पीट कि जा रही। गांव में ही शराब मिलने के कारण युवाओं से लेकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी शराब पीने लगे हैं। शराब पीने के लिए लोग चोरी, मारपीट अन्य अपराध करने लगे हैं। इसके कारण गांव का माहौल खराब होते जा रहा है इसी को लेकर गांव के सरपंच अशोक कुजूर द्वारा अपने गांव में नियम कानून बनाये गए हैं जिसकी सुचना आज सरपंच व महिलाओ द्वारा धरमजयगढ़ थाने में कि गई। वही सरपंच ने बताया कि ग्राम नेवार में सभी महिलाओं के द्वारा शराब बनाना या पीना शख्त मना किया गया है यदि कोई बनाता हुआ पकड़ा गया तो 10000 दस हजार रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा और यदि कोई शराब पीया हुआ पकड़ा गया तो 5000 पांच हजार रुपये का जुर्माना रखा गया हैं साथ ही यह नियम का कोई उलंघन करता हैं तब कि स्तिथि में धरमजयगढ़ थाने में सूचित कर कार्यवाही कि मांग कि जायेगी।



## एक नजर

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोदोपारा के दो प्रधान पाठक, शिक्षक एलबी एवं सहायक शिक्षक एलबी निलंबित

* अध्यापन कार्य नहीं कराना, विद्यालय में अनियमित उपस्थिति एवं नियमित रूप से मद्यपान का सेवन कर विद्यालय आने के मामले में हुई कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोदोपारा के प्रधान पाठक विराजन राम, जयकिशोर कुजूर और शिक्षक एलबी हेमंत कुजूर एवं सहायक शिक्षक एलबी रविशंकर गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जिला पंचायत सीईओ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं छात्र--छात्राओं के बयान के आधार पर प्रधान पाठक विराजन राम,जयकिशोर कुजूर और शिक्षक एलबी हेमंत कुजूर एवं सहायक शिक्षक एलबी रविशंकर गुप्ता द्वारा अध्यापन कार्य नहीं कराना, विद्यालय में अनियमित उपस्थिति, विद्यालय आने के उपरांत उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर उपरांत विद्यालय से अन्यत्र चले जाना एवं नियमित रूप से मद्यपान का सेवन कर विद्यालय आना प्रथमदृष्ट्या सही पाया गया है। संबंधितों के उक्त कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 एवं नियम 23 के सर्वथा विपरीत है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतएव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोदोपारा के प्रधान पाठक विराजन राम, जयकिशोर कुजूर और शिक्षक एलबी हेमंत कुजूर एवं सहायक शिक्षक एलबी रविशंकर गुप्ता को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील, नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा नियत किया गया है। संबंधितों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर पेन्शनर्स के इलाज हेतु 6 लाख 80 हजार रूपए स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

रायगढ़ विधायक और वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर संचालक कोष लेखा एव पेंशन महादेव कावरे ने पेन्शनर को इलाज हेतु वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 हेतु दवाओं के लिये 6 लाख 80 हजार 496 रूपए की स्वीकृति दी है। नियम के तहत सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर खर्च का दस हजार रुपये और निर्धारित गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, हार्ट, न्यूरो, किडनी प्रत्यारोपण,



जटिल नेत्र शल्य क्रिया हेतु राज्य के बाहर के मान्यता प्राप्त अस्पताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय और मान्यता प्राप्त तीन अस्पताल में इलाज हेतु तीस हजार रुपये की स्वीकृति दी जाती है। पेन्शनर कल्याण निधि नियम 1997 के तहत वर्ष 2022-23 हेतु 49 पेन्शनर को 4 लाख 62 हजार रुपये और वर्ष 2023-24 हेतु 25 पेन्शनर को 2 लाख 18 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर इनके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों की भी लगातार समीक्षा की जा रही है।

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 13 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

जिला अधिवक्ता संघ सक्ती का चुनाव 13 मार्च को होगा इस बार भाजपा या कांग्रेस समर्थित अधिवक्ता में कौन बाजी मारेगा। आज नामांकन के अन्तिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 6 उम्मीदवारों ने फार्म जमा किया एवं उपाध्यक्ष के 2 पद के लिए 4 अधिवक्ताओं ने फार्म जमा किया, सचिव पद के लिए 2 उम्मीदवारों ने फार्म जमा किया, सह सचिव के लिए 2 फार्म जमा हुए हैं कार्यकारिणी सदस्य के 6 पद के लिए 8 उम्मीदवारो ने फार्म जमा किया सहायक निर्वाचन अधिकारी जिला अधिवक्ता संघ मनोज अग्रवाल एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी गनी मोहम्मद ने उपयुक्त जानकारी दी। अध्यक्ष नरेश कुमार सेवक, महेश कुमार अग्रवाल, उदय कुमार वर्मा, श्यामलाल साहू,दिगम्बर प्रसाद चौबे अल्का रानी जायसवाल, उपाध्यक्ष 02 एक महिला, एक पुरुष, प्रेमलता दुबे,सत्येन्द्रनाथ सोनी,संजय कुमार अग्रवाल,सुश्री अन्नपूर्णा राठौर,सचिव, धर्मेन्द्र प्रसाद सोन,सुरित चन्द्रा, कोषाध्यक्ष,प्यारेलाल पटेल,रतनलाल कसेर,ग्रंथपाल,मुरलीधर देवांगन,खगेश्वर प्रसाद चौबे,सह सचिव,कमल कुमार साहू,परमानंद गबे,,सांस्कृतिक एवं क्रीडा सचिव, चंद्रकुमार भारद्वाज,कमलेश कुमार चौबे,कार्यकारिणी सदस्य 06 सदस्य 01 महिला के लिए आरक्षित,मोहम्मद अलीम खान,कृष्ण कुमार साहू,कु.अंजना कंवर महिला निर्विरोध,सखी गोपाल दुबे,परमेश्वर जायसवाल,अब्दुल रऊफ खान,परमानंद गबेल,ईश्वर प्रसाद गबेल।




# व्यायाम शिक्षक के पदों में वृद्धि की मांग को लेकर ओपी चौधरी से मिले बीपीएड और एमपीएड अभ्यर्थी

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

बुधवार को शारीरिक शिक्षक बीपीएड और एमपीएड अभ्यर्थियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की शारीरिक शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदेश में व्यायाम शिक्षक के पदों में वृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के अध्यक्ष हेमन्त सार्वा ने बताया कि सोशल मीडिया समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की गई है की 33000 शिक्षक भर्ती में केवल 108 व्यायाम शिक्षक का पोस्ट निकाला जा रहा है जोकि बहुत कम पोस्ट है 21 मार्च 2023 को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्यायाम शिक्षक के रिक्त 948 पदों की जानकारी दिया गया था। प्रदेश में हाई स्कूल 2689, एवं हायर सेकेंडरी स्कूल 4331 हैं। इतनी बड़ी शिक्षक भर्ती में व्यायाम शिक्षक के केवल 108 पदों पर भर्ती किया जा रहा हैं। व्यायाम शिक्षक पदों के लिए भाजपा सरकार में वित्त विभाग द्वारा बजट में बहुत कम व्यय प्रदान किया गया है जो की बहुत ही चिंताजनक की बात हैं। वर्तमान में शासकीय स्कूलों में पी टी आई की अत्यधिक आवश्यकता है सरकार द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। प्रदेश में लगभग 60-70 हजार बी पी एड एवं एम पी एड योग्यताधारी बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय किया जा रहा हैं। जिससे लेकर बीपीएड डीपीए, एमपीएड अभ्यार्थी नाराज है अभ्यर्थियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। मंत्री ओपी चौधरी ने अभ्यर्थियों को पोस्ट बढ़ाने को लेकर आश्वासन दिया तथा अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह से भी मुलाकात कर व्यायाम शिक्षक के पदों में वृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। समस्त शारीरिक शिक्षक अभ्यर्थी ने कहा कि व्यायाम शिक्षकों की भर्ती होने से शासकीय स्कूलों के बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। जिससे छत्तीसगढ़ के स्कूल के बच्चे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे।

संघ के अध्यक्ष हेमंत सार्वा एवं उपाध्यक्ष प्रदीप, चेतन साहू तथा सचिव मनोज यादव व कार्यकारणी सदस्य ममता बंजारे, नीलम, सोमेश, कुंदन, बुधराम, गोविं, चिंताराम जोगी, भारत बारिक तथा छत्तीसगढ़ से आए पांचों संभाग से आए समस्त बी पी एड और एम पी एड वाले के नेतृत्व में समस्त बीपीएड, डीपीएड और एमपीएड अभ्यार्थी हजारों की संख्या में उपस्थित होकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपा।



छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ
स्ट्रीट - 6, अशोका ... के पीछे, अमन नगर मोवा, रायपुर, तहसील - रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन - 492001
पंजीयन न. 122202412144

अध्यक्ष: हेमंत सार्वा 7974327095
उपाध्यक्ष: ललित जोगे, चेतन कुमार, प्रदीप कुमार केशरवानी, शहनाज बेगम
कोषाध्यक्ष: आदिल अहमद
सचिव: मनोज यादव
सह सचिव: चिरौंजी साहू
कार्यकारणी: ममता बंजारे, कुंदन सिंह राजपूत, राहुल सोनकर, सोमेश दुबे

प्रति,
माननीय श्री ओ.पी. चौधरी जी
वित्त मंत्री छ.ग. शासन
रायपुर (छ.ग.)

विषय : व्यायाम शिक्षक के पदों की वृद्धि बाबत

निवेदन है की आपके सरकार द्वारा 33000 शिक्षक भर्ती की बात कही गई है जिसमें विभिन्न रिक्त पदों की जानकारी आपके और लोक संचनालय रायपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया/समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की गई है जिसमें व्यायाम शिक्षक के बहुत कम पद उल्लेखित है जबकि प्रदेश में संचालित हाई स्कूल(2712) व हायर सेकेंडरी स्कूल (4543) है इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के माध्यमिक स्तर(कक्षा 6-8) स्कूलों में पिछले पांच सालों में एक भी व्यायाम शिक्षक की भर्ती नहीं हुई है ... छत्तीसगढ़ के लगभग 60-70 हजार अनुमानित बीपीएड योग्यताधारी बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है अतः श्रीमान से निवेदन है कि व्यायाम शिक्षक पदों की अधिकतम वृद्धि कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में व्यायाम शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती करके हम सभी बीपीएड योग्यताधारी बेरोजगार युवाओं के साथ न्याय करें

महोदय जी जैसे की माननीय प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी जी ने मोदी की गारंटी में पूरे देश में खेल को एक विषय के रूप में लागू करने की बात की गई है जिससे कि सभी स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके तथा बच्चे राष्ट्रीय एवं राज्यकीय स्तर के खेलों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और राज्य का नाम रोशन कर सके।

संलग्न है-
1.लोक संचनालय रायपुर द्वारा जारी पदों का विवरण(व्यायाम शिक्षक 108 पद)
2.हरिभूमि समाचार पत्र(7 फरवरी 2024)में व्यायाम शिक्षक की अत्यधिक रिक्त पद खाली है।

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ



# रात में हांथीयो ने मचाया तांडव, 3 गांव में 6 लोगों के मकानों को किया ध्वस्त

## जान बचाकर भागे ग्रामीण

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



जानकारी के अनुसार गुरूवार रात 1 बजे की बताई जा रही है। पत्थलगांव वन परिक्षेत्र ग्राम पंचायत पंडरीपानी में बीती रात लगभग 1 बजे दो हाथी जंगल की ओर से अचानक बस्तियों में घूस गए और सबसे पहले ग्राम पंचायत पंडरीपानी के धोबसाय पिता उदय राम का मकान तोड़ा दिया उसके बाद बारी बारी लगातार उसी रात अर्जुन राम पिता ठाकुर राम का मकान तोड़ा, हरी राम पिता नवल राम का मकान तोड़ा और वही दोनों हाथी डीएवी स्कूल होते हुए दूसरे ग्राम चंडागढ़ के भैसा मुड़ा चले गए। और वहां दिल राम विश्वकर्मा पिता दादी राम का मकान को तोड़ते हुए ग्राम पंचायत बटुरा बहार चले गए और वहा टोंगरी पारा में लोहार साय पिता बरात साय वही फूलो बाई का मकान को तोड़ा और घर में रखे दो बोरी धान को खाकर चट कर गए और उसके बाद हाथी सेखरपुर की चले गए।

ग्राम पंचायत चंदागढ भैसामुड़ा के दिलराम ने बताया कि गुरुवार रात सभी परिवार के साथ सो रहे थे तभी अचानक पंडरी पानी की ओर से दो हाथी आए और घरों को नुकसार पहुंचाया और घर के सभी लोग डर गए और सभी घर छोड़ बगल में बने बिल्डिंग के छत में चढ़ गए और जैसे तैसे अपनी जान बचाई स वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर नुकसान की पंच नामा तैयार कर प्रकरण भेज दिया गया है।



# लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गांव का दौरा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत मंडल धरमजयगढ़ के बूथ बरतापाली से प्रारंभ की गई। जहां घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को बताया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों की पांपलेट भी वितरण घर-घर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का लाभ जहां हर एक घर के सदस्यों को मिला है, वही छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार भी अल्प समय में ही महतारी वंदन योजना,धान का बोनस देकर,धान की खरीदी 3100, रूपए क्विंटल खरिद कर अपना इरादा जाहिर कर दिया है, कि वह गरीब किसान, पिछड़े, आदिवासी की लोकप्रिय सरकार है। 1 मार्च से 05, मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जहां प्रत्येक ग्राम के लिए प्रवासी और ग्राम संयोजक बनाए गए हैं उसमें आज बरतापाली ग्राम में प्रवास कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बरतापाली में कार्यकर्ताओं के साथ साथ ग्राम पंचायत सरपंच से भी मुलाकात कर योजनाओं के बारे में चर्चा की गई, गांव की समस्या एवं अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई,एवं आगामी लोकसभा में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिताने का भी निवेदन किया गया। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, महामंत्री एवं संयोजक अनिल पांडेय,बरतापाली प्रवासी एवं महामंत्री शिशुपाल गुप्ता,सह संयोजक रफीक खान एवं ग्राम के कार्यकर्ता बंधु भगिनी साथ रहें। जिन लाभार्थी के पास मोबाइल है उसके मोबाइल से 9638002024, से मिस्ड कॉल कर उनके साथ सेल्फी भी ली गई। मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव ने ग्राम वासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार अधिक से अधिक संख्या में व्होट करने की अपील की शिशुपाल गुप्ता, प्रवासी, महामंत्री ने भी ग्राम वासियों से अपिल करते हुए कहा कि जब सब कल्याण कारी काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कर रहे हैं तो व्होट भी उन्हीं को देनी चाहिए, भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबके लिए काम कर रही है किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है, इसलिए फिर से एक बार मोदी सरकार।

धरमजयगढ़ विधानसभा में आज लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा घर घर जा कर लाभार्थियों से मिल रही है। यह कार्यक्रम का आयोजन धरमजयगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव के नेतृत्व में किया गया जिसमे महामंत्री शिशुपाल गुप्ताए अनिल पाण्डेयए किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेलएसाथ ही रफीक खान एवं अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा जनता को मिल रहे योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से सम्पर्क कर उनसे बातचीत करना हैं । वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा देश कि जनता को कई सौगात दिया जा रहा हैं जिसमे बहुत सारी योजनाएं हैं जिसका लाभ सीधे जनता उठा रही हैं इसमें आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजनाए प्रधानमंत्री रोज़गार प्रोत्साहन योजनाए पीएम.स्वनिधि योजनाए प्रधान मंत्री मुद्रा योजनाएप्रधान मंत्री कौशल विकास योजनाए डिजिटल इंडियाए प्रधान मंत्री आवास योजनाएप्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजनाए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाएआयुष्मान भारतएप्रधान मंत्री जन आरोग्यायोजनाए उज्ज्वला योजनाए नल जल योजनाए हर घर शौचालय योजना जैसे और कई सारी योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता को सीधे लाभ दिया जा रहा हैं।

जिसके लाभार्थियों से उनके घर घर जाकर उनसे बात कि जा रही कि उन्हें कोई समस्या तो नहीं या फिर वे संतुष्ट हैं।भाजपा के इस कार्यक्रम का असर लोकसभा चुनाव में जबरदस्त नतीजे ला सकता हैं क्युकी नेताओं के घर घर जाने से जिस किसी भी जनता को किसी प्रकार कि समस्या हैं तो उसका तत्काल निपटारा कर दिया जायेगा जिससे भाजपा को फायदा होगा और जनता भाजपा कि ओर आकर्षित होंगी। यह कार्यक्रम आज बर्तापाली में आयोजन किया गया जिसमे गांव के सरपंच से मुलाकात कर महतारी वंदन योजना एवं अन्य विषयों पर चर्चा कर हाल चाल पुछा गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in